फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 250 प्रभात जयपुर, शनिवार 16 अप्रेल, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

Jai Hanuman Gyan Gun Sagar...

An English officer of the Indian Army, General Miller, discovered an ancient Hanuman temple in Wadi Tyin in Oman.

Privacy: Data from Friends & Strangers

RESEARCH: Covid 19 Variants Emerging Rapidly

वॉरशिप मॉस्कोवा (2013 की तस्वीर), जिसने यूक्रेन के शहरों पर क्रूज़ मिसाइलें दागी थीं, इन्फ्रास्ट्रक्चर, तेल-गैस भंडारों, सैन्य अड्डों व नागरिक प्रशासन की इमारतों को निशाना बनाया था, अन्ततः यूक्रेन के जवाबी हमले में डूब गया। मॉस्कोवा के डूब जाने को यूक्रेन वॉर का ''टर्निंग पॉइन्ट'' माना जा रहा है। इसकी तुलना दूसरे विश्व युद्ध में डूबे जर्मनी के युद्धपोत बिस्मार्क से की जा रही है। जिस तरह बिस्मार्क जर्मनी की नौसेना की ताकत का प्रतीत था वैसे ही मॉस्कोवा भी रुस की नौसेना का ''पावर स्टेटमैंट'' माना जाता था और 12500 टन की क्षमता वाला यह गाइडेड मिसाइल क्रूज़र पहले रुस के सीरियाई अभियान में तैनात किया गया था। एंटी शिप, एंटी एयर क्राफ्ट मिसाइल पैड युक्त मॉस्कोवा में पनडुब्बियों को नष्ट करने में सक्षम टॉरपीडो भी लगे थे। बताया जाता है, जब जहाज डूबा तो उस पर 510 लोग थे, अभी यह पता नहीं है कि इसमें कितने लोग मारे गए हैं। समुद्र में तैरते दुर्भेद्य किले सरीखे इस जहाज को डुबोकर युक्रेन की सैन्य कार्यवाही क्षमता ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। विडम्बना ही है कि यूक्रेन के जवाबी प्रहार में डूबा मॉस्कोवा 1980 के दशक में यूक्रेन में ही बना था। तब यूक्रेन सोवियत संघ का हिस्सा हुआ करता था। यूक्रेन के लोगों का कहना है कि, हमारी औरतों और बच्चों की हत्या करने के लिए यह पुतिन को हमारा छोटा सा जवाब है।

रूस का अति शक्तिशाली ''वॉर शिप'' मॉस्कोवा डूबा यूक्रेन के आक्रमण के बाद

''मॉस्कोवा'' एक तैरते किले के समान था, क्योंकि उस पर एंटी शिप व ''एंटी एयर क्राफ्ट'' मिसाइल लगे हुए थे तथा पनडुब्बी के आक्रमण का सामना करने के लिये ''टारपीडो'' भी थे

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। रूस के ब्लैक सी फ्लोटिला फ्लीट के प्रमुख युद्धपोत का डूबना यूक्रेन युद्ध और विश्वभर के सैन्य अभियानों के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

रूस इस बात को नहीं मानता कि युद्धपोत को यूक्रेन की मिसाइलों ने गिराया होगा। उनका मानना है कि जहाज के अन्दर लगी आग ने उसके संरचनात्मक संतुलन को नुकसान पहुंचाया और वह एक तरफ झुककर उफनते समुद्र में समा गया। इस तरह के जहाज के डूबने की तुलना शायद द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान डूबे जहाज ''द बिस्मार्क'' से भविष्य में की जाएगी। द्वितीय विश्व युद्ध में ''द बिस्मार्क'' को जर्मनी की नौसेना की ताकत का प्रतीक माना जाता था।

हालांकि जहाज डूबने के बाद रूस ने कीव के आस पास के इलाकों पर मिसाइलें दागना शुरू कर दिया। यूक्रेन को आशंका है कि अपने फ्लैगशिप युद्धपोत के डूबने के बाद रूस यूक्रेन में हमले और तेज करेगा।

इसमें कोई संशय नहीं कि जहाज डूबने से रूस और विशेष रूप से व्लादिमीर पुतिन की प्रतिष्ठा पर एक गहरा आघात है। रूसी तानाशाह अब यूक्रेन के ठिकानों पर दोगुने हमले कर अपना बदला लेने की कोशिश करेंगे।

समुद्र में डूबा जहाज ''मॉस्कोवा'' 12,500 टन गाइडेड मिसाइल्स क्रूजर था और रूस की नौसेना की ताकत था। इस युद्धपोत को इससे पहले रूस के सीरिया अभियान के दौरान तटीय सुरक्षा और जमीन से मिसाइलें दागने की जरूरतों पर निगरानी रखने के लिए तैनात किया गया था।

इसके बाद जब टर्की ने रूस के कई लड़ाकू विमान मार गिराए थे तब गुस्साए व्लादिमीर पुतिन ने इस युद्धपोत को ब्लैक सी में भेजा था जहां उसने एक क्षेत्र में फ्लोटिला फ्लीट के साथ अपनी वास्तविक पहचान बनाई थी और विविध उद्देश्य पूर्ण किए थे।

मॉस्कोवा में पनडुब्बियों के खिलाफ इस्तेमाल होने वाले टारपीडोज के अलावा एंटी शिप और एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल्स पैड्स भी लगे थे। इसकी स्पीड 32 मील प्रतिघंटा थीं तथा यह 6 सौ फीट लंबा था। इसी तरह का एक युद्धपोत इससे पहले अर्जेन्टीना तट के दौरान नष्ट किया गया था। तब 2 मई 1982 को एच.एम.एस. डैस्ट्रॉयर ने ''जनरल बैलग्रेड'' नामक युद्धपोत को डुबा दिया था।

मॉस्कोवा में 510 क्रू मैम्बर थे

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- यूक्रेन की ''एंटी शिप'' मिसाइल ''नैप्च्यून'' ने इस भारी भरकम जहाज को मार गिराया। अब तक नैप्च्यून मिसाइल को इतना शक्तिशाली नहीं माना जाता था कि, ''मॉस्कोवा'' जैसे बहु सुरक्षित जहाज को हानि पहुंचा सकता है।
- समुद्र तट से चलायी गयी ''नैप्च्यून मिसाइल'' की इस कामयाबी ने समुद्री युद्ध के सिद्धांतों में तब्दीली लाने के बारे में सोचने को मजबूर कर दिया है विश्व को।
- पर, गंभीर बात यह है कि, इस समुद्री शिकस्त की खबर ने पुतिन को और हताश कर दिया है तथा वे कीव पर और भारी जवाबी आक्रमण करने की तैयारी कर रहे हैं।
- अमेरिका ने ''साऊथ चायना सी'' में अपने भारी भरकम जलपोतों को समुद्र से दूर ले जाना शुरू कर दिया है, तट से चलायी जा रही मिसाइल से बचाने के लिये। चीन अमेरिका की इस मनःस्थिति का लाभ लेकर और आक्रमक ढंग से सक्रिय हो गया है, ''साऊथ चायना सी'' में।

'पहले युद्ध को बढ़ाओ और फिर बाद में घटाओ'

सी.आई.ए. के निदेशक विलियम बर्न्स, जो रूस में अमेरिका के राजदूत भी रह चुके हैं, ने रूस की इस ''शुद्ध नीति'' की गहरायी से व्याख्या की

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। यह एक तनावपूर्ण सर्वेक्षण है। रूस द्वारा परमाणु हथियारों का उपयोग किए जाने की आशंका वास्तविकता की ओर बढ़ती जा रही है। वह इस तरह के विध्वंसक हथियारों से पूरी तरह लैस है। इस खतरे की आशंका किसी ओर ने नहीं बल्कि अमेरिकी इन्टेलीजैंस के प्रमुख, सी.आई.ए. निदेशक विलियम बर्न्स ने व्यक्त की है। अमेरिका के अटलांटा में एक भाषण के दौरान बर्न्स ने कहा कि यूक्रेन आक्रमण में रूस को मिली नाकामयाबी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सामरिक या हल्के परमाणु हथियारों का प्रयोग करने के लिए उकसा सकती है। रूस के पास कई परमाणु हथियार हैं, लेकिन उनकी मारक क्षमता अमेरिका द्वारा हिरोशिमा में डाले गए परमाणु बम से कम है।

ए.एफ.पी. की एक रिपोर्ट के अनुसार बर्न्स ने कहा कि ''राष्ट्रपति पुतिन और रूस के नेतृत्व की अत्यधिक निराशा तथा सैन्य रूप से उन्होंने जो नाकामयाबी झेली है, उसे देखते हुए हम में से कोई भी सामरिक परमाणु हथियारों या कम क्षमता के संभावित प्रयोग के खतरे को हल्के में नहीं ले सकता।

- इस युद्ध नीति के तहत, बर्न्स के अनुसार, रूस अगर जमीनी युद्ध पर हारने लगा तो, कम शक्ति वाले ''न्यूक्लियर बम'' का विस्फोट कर सकता है।

जॉर्जिया टैक युनिवर्सिटी के छात्रों को संबोधित करते हुए बर्न्स ने आगे बताया कि क्रेमलिन ने कहा था कि 24 फरवरी को आक्रमण शुरू होने के बाद ही उसने रूस की परमाणु शक्तियों को हाई अलर्ट पर कर दिया था, लेकिन अमेरिका ने उसकी व्यावहारिक तैनाती की बहुत सी वास्तविक साक्ष्य नहीं देखी है, जो अधिक चिन्ताजनक है।

बर्न्स ने कहा कि ''स्पष्ट रूप से हम बहुत चिन्तित है। मैं जानता हूं कि राष्ट्रपति बाइडन तीसरा विश्व युद्ध, जो कि दहलीज पर है, को टालने के लिए अत्यधिक फिक्रमंद है। आप जानते हैं इसमें परमाणु संघर्ष संभव बन जाता है। रूस के पास कई सामरिक परमाणु हथियार हैं, लेकिन वे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका द्वारा हिरोशिमा में डाले गये बम से कम सशक्त हैं। यदि पश्चिमी देशों के साथ परम्परागत लड़ाई में रूस की स्थिति थोड़ी खराब होती है तो ऐसी सूरत में वहां की सेना का एक सिद्धांत है जिसे ''एस्कलेट टू डिएस्कलेट'' कहा जाता है। इसके तहत अपनी स्थिति फिर से मजबूत करने के लिए शुरूआत में कम क्षमता वाले परमाणु हथियार का प्रयोग किया जाता है। लेकिन इस परिकल्पना में इस संघर्ष में नाटो यूक्रेन में सैन्य हस्तक्षेप करेगा। वह कोई आपात स्थिति नहीं होगी क्योंकि राष्ट्रपति बाइडन ने बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है कि यह संभव है।''

यह स्मरण करते हुए कि वे कभी रूस में अमेरिका के राजदूत रहे थे, बर्न्स ने पुतिन के लिए बहुत रूखे शब्दों का प्रयोग किया। उन्होंने उन्हें एक ऐसा व्यक्ति बताया, जो स्वयं को कर्मों की सजा देने वाला ईश्वरीय दूत मानता है और जो पिछले कई वर्षों से शिकायत, महत्वाकांक्षा और असुरक्षा के साथ दहक रहा है। बर्न्स ने कहा कि ''पुतिन प्रतिदिन यह दर्शाते हैं कि पतनोन्मुख शक्तियां भी उतनी ही हानिकारक हो सकती हैं, जितनी की उदित हो रही शक्तियां।

एक बात स्थिति को और उत्तेजक कर सकती है। वह है पश्चिमी मीडिया की खबरें कि पुतिन मानसिक रूप से अस्थिर हैं।

गुप्तचर सूत्रों से प्राप्त खबरें कहती हैं कि पुतिन कैंसर का स्टीरॉयड ट्रीटमैंट लेने के बाद शायद डिमेन्शिया, पार्किन्सन या उग्र व्यवहार के किस ब्रेन डिसआर्डर से पीड़ित हैं।

डेली मेल की एक खबर के अनुसार ऑस्ट्रेलिया, कैनेडा, न्यूज़ीलैण्ड, यू.के. और यू.एस. को मिलाकर बने फाइव आईज़ इन्टैलीजेंस अलायंस के वरिष्ठ लोगों ने क्रेमलिन के निकट सूत्रों का हवाला देते हुए माना है कि यूक्रेन पर हमला करने वाले पुतिन के वैश्विक रूप से निंदनीय निर्णय के पीछे एक मनोवैज्ञानिक स्पष्टीकरण है।

इन्टैलीजेंस समुदाय 69 वर्षीय पुतिन के बढ़ते अस्थिर व्यवहार के बारे में कई खबरें साझा कर रहा है। इनमें हाल ही प्राप्त फुटेज शामिल है, जिसमें वे मोटे दिखाई दे रहे हैं और क्रेमलिन के आगन्तुकों से बिना वजह दूरी बनाने पर जोर दे रहे हैं।

एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि ''कोई मानवीय स्त्रोत्र ही पुतिन की मनोस्थिति की सही तस्वीर पेश कर सकता है।'' पिछले पांच वर्ष का उससे अधिक समय से उनकी निर्णय क्षमता में विलक्षण बदलाव होते रहे हैं। पुतिन क्या कहते हैं और अपने आस पास की दुनिया को किस अंदाज से देखते हैं, उसे लेकर उनके आस पास के लोगों को उनमें एक यक़ीनी बदलाव नज़र आता है।''

इंगलैण्ड के शरणार्थी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। ब्रिटिश सरकार ने अपनी एक योजना की घोषणा करते हुये कहा है कि कुछ शरणार्थियों को पुनर्वास के लिये हजारों मील दूर स्थित रवांडा भेजा जायेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, दक्षिणपंथी ग्रुपों तथा विपक्षी नेताओं ने इस घोषणा की तत्काल भर्त्सना की है।

- इंगलैण्ड इन शरणार्थियों को, इंगलैण्ड में प्रश्रय देने के बजाय, उन्हें रवांडा भेजेगा तथा उनके पुनर्वास के लिये 157 मिलियन डॉलर भी देगा।

रवांडा, जिसके मानवाधिकारों के रिकॉर्ड को लेकर ब्रिटेन सहित कई देशों ने कड़ी आलोचना की है, ने कहा है कि इस संबंध में हुये एक समझौते के एक हिस्से के अन्तर्गत, उसे करीब 15.70

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में दरारें दिखने लगीं

मोदी के तीन बार टोकने व चुप होने का आदेश देने पर कुद्ध हुए गडकरी

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। आग भड़क रही है और भाजपा के बड़े नेता एक दूसरे पर गुर्रा रहे हैं तथा आँखे तरेर रहे हैं।

एक कैबिनेट मीटिंग में, जब कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी को वह नहीं बोलने दिया गया, जो वे बोलना चाह रहे थे तथा तीसरी बार बोलने की कोशिश करने पर, प्रधानमंत्री ने उन्हें खामोश रहने के लिये कह दिया तो गडकरी अपनी सहजता खो बैठे।

उन्होंने कहा कि अगर मंत्री कैबिनेट मीटिंग में अपने विचार व्यक्त नहीं कर सकते तो फिर वे अपने विचार कहाँ रखेंगे। उन्होंने कहा कि वे यह सब पिछले आठ सालों से बर्दाश्त करते आ रहे हैं लेकिन अब बर्दाश्त करना मुश्किल हो रहा है।

गडकरी ने कहा कि उनके साथ 252 सांसद हैं लेकिन वे भाजपा संगठन के हित का खयाल करते हुये, चुपचाप बैठे हुए हैं।

यह खबर नागपुर से प्रकाशित समाचार पत्र ''लोकमत'' के एक वरिष्ठ पत्रकार ने प्रस्तुत की है। इस अखबार के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- गडकरी ने झल्ला कर कहा कि, अगर केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में अपनी बात नहीं कह सकते, तो कहां कहेंगे।
- यह खबर नागपुर से छप रहे अखबार लोकमत में छपी तथा गडकरी ने इस बात की पुष्टि की कि, यह खबर सच है।
- लोकमत मैनेजमैंट ने पी.एम.ओ. के कहने पर उस पत्रकार को बर्खास्त कर दिया, जिसने यह खबर भेजी थी।

मेयर सौम्या गुर्जर

जयपुर, 15 अप्रैल (का.सं.)। ग्रेटर नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त के साथ मारपीट, राजकार्य में बाधा डालने सहित आपराधिक षडयंत्र मामले में ग्रेटर नगर निगम मेयर सौम्या गुर्जर को आरोप मुक्त करने के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की व तत्कालीन आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव की रिवीज़न याचिका पर शनिवार को सुनवाई होगी। वहीं इसी मामले में आरोपी चारों पार्षदों अजय सिंह, शंकरलाल, रामकिशोर और पारस कुमार जैन ने उन पर आरोप तय करने वाले फैसले को चुनौती देते हुए रिवीज़न याचिकाएं दायर की थीं, इन पर भी शनिवार को ही सुनवाई होगी।

- ग्रेटर नगर निगम आयुक्त के साथ अभद्रता करने के मामले में मेयर सौम्या गुर्जर को आरोप मुक्त करने के खिलाफ दायर याचिका पर आज सुनवाई होगी।

रिवीज़न याचिका में कहा गया है कि तत्कालीन आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव के साथ अभद्रता हुई थी। ऐसे में मेयर सौम्या को आरोप मुक्त करने का फैसला गलत है। वहीं पार्षदों की ओर से कहा गया कि उनके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं है, ऐसे में अदालत की ओर से लगाए गए आरोपों को रद्द किया जाए।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

मुस्लिम नेता अखिलेश से दूरी बनाने लगे हैं!

इन खफा नेताओं की शिकायत है कि, अखिलेश अब मुसलमानों पर हो रहे दुर्व्यवहार व भ्रष्टाचार के मामले उठाने में रूचि नहीं ले रहे

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। मुस्लिमों से संबंधित मुद्दों पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की कथित खामोशी को लेकर पार्टी में चौड़ी होती हुई दरार आज उस समय खुलकर सामने आ गई, जब पार्टी के एक नेता मोहम्मद कासिम रहीम ने आज लखनऊ में पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया।

जहाँ उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नजदीकी नेताओं ने मुस्लिम मुद्दों पर उनके रूख को एक ''रणनीति'' बताया, जो भाजपा की ''धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति'' तथा ओ.बी.सी. एवं ऊँची जाति के मतदाताओं को उसकी तरफ जाने से रोकने के लिये चुनावों से पहले अपनाई गई थी, वहीं अन्य नेताओं का कहना है कि यह रणनीति चुनावों में कोई फायदा पहुँचाने में विफल रही तथा इसलिये इस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिये।

अल्पसंख्यक समुदाय पर अत्याचार की कथित घटनाओं पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की खामोशी पर सवाल खड़े करने वाले मुस्लिम नेताओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

सपा के एक प्रतिष्ठित मुस्लिम नेता ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा, ''मध्य प्रदेश सहित कई शहरों में रामनवमी-उत्सवों के दौरान, मस्जिदों पर भगवा बिग्रेड द्वारा किये गये हमलों तथा मुस्लिमों के खिलाफ बढ़ रही हिंसक घटनाएं भी हमारे नेता की आत्मा झकझोर नहीं पा रही हैं।'' उन्होंने आगे कहा कि अखिलेश जी चुनावी रणनीति के नाम पर चुप्पी नहीं साध सकते।

कासिम ने अपना इस्तीफा देते हुये कहा कि राज्य में मुस्लिमों पर किये गये कथित अत्याचारों के खिलाफ पार्टी प्रमुख तथा अन्य नेताओं ने कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने सपा प्रमुख पर आरोप लगाते हुये कहा कि मुस्लिमों से संबंधित मुद्दों को उठाने में उनकी कोई रूचि नहीं है।

आज़म खान, नाहीद हसन तथा शाहज़िल इस्लाम जैसे पार्टी विधायकों तथा अन्य मुस्लिम नेताओं की दुर्दशा का जिक्र करते हुये, रईन ने मीडिया को जारी कर दिये पत्र में लिखा है: ''मुस्लिमों के प्रति सपा अध्यक्ष के ऐसे रवैये से अप्रसन्न होकर, मैं पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे रहा हूँ। कासिम सुल्तानपुर जिले के सपा के क्षेत्रीय प्रभारी थे।

राजनैतिक पंडितों का मानना है कि सपा के मुस्लिम नेताओं में बढ़ते जा रहे असंतोष के परिणामस्वरूप, पार्टी को अल्पसंख्यक समुदाय को प्रसन्न एवं संतुष्ट रखना मुश्किल हो सकता है।

उनके अनुसार, अगर असंतोष बढ़ता है तथा जोर पकड़ता है तो सपा को 2024 में अल्पसंख्यक वोट बैंक को अक्षुण्ण बनाये रखने में तथा उतना अधिक समर्थन मिलने में मुश्किल का सामना करना पड़ेगा, जितना उसे अभी-अभी समाप्त हुये विधानसभा चुनावों में मिला था।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- इस खफा नेताओं को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि, यू.पी. चुनाव में भाजपा के खिलाफ ओ.बी.सी. व सवर्ण जातियों को अपने साथ लेने की रणनीति के तहत अखिलेश, मुस्लिमों के मुद्दों पर चुप्पी बनाये हुए थे।
- मुस्लिम वोट बैंक, सपा के पिछले इतिहास के कारण लगभग पूर्णतः सपा के समर्थन में आया।
- पर, फिर भी सपा केवल 111 सीटें ही जीत पायी, भाजपा की 273 सीटों पर विजय के सामने।
- एक पार्टी के पक्ष में पूर्ण रूप से संगठित होने की रणनीति फेल होने के कारण मुस्लिम नेताओं की यह रणनीति संभवतया बदलेगी।
- इसका लाभ कांग्रेस व बसपा को मिल सकता है, लोकसभा चुनाव में।

सोनिया को कांग्रेस का डिजिटल सदस्यता कार्ड

नई दिल्ली, 15 अप्रेल (वार्ता)। कांग्रेस ने अपने डिजिटल सदस्यता कार्ड अभियान के तहत पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को शुक्रवार को डिजिटल कार्ड उपलब्ध कराया।

पार्टी ने डिजिटल सदस्यता अभियान एक नवंबर 2021 को आरंभ किया था और इसके तहत पहला पंजीकृत डिजिटल कार्ड पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को दिया गया था। पार्टी ने इस अभियान के अंत में आज सोनिया गांधी को सदस्यता डिजिटल कार्ड सौंपा।

कांग्रेस पार्टी ने कहा कि डिजिटल

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- पार्टी ने गत वर्ष एक नवम्बर को डिजिटल सदस्यता अभियान शुरू किया था तथा पहला पंजीकृत डिजिटल कार्ड राहुल गांधी को दिया गया था।

विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

जलवायु परिवर्तन और जल संकट

गर्मी के साथ ही देश में पेयजल संकट गहराने लगा है। इस साल मार्च माह की शुरुआत से ही देश में गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गई। समय से पहले गर्मी का तेजी से बढना साफ तौर पर जलवायु परिवर्तन की ओर संकेत करता है। जलवायु परिवर्तन के कारण हमें कई चुनौतियों से जूझना होगा। इन चुनौतियों में एक बडा संकट पेय जल संकट है। जब किसी क्षेत्र में पानी की मांग बढ जाए और जल संसाधनों द्वारा उसकी आपूर्ति न हो पाये तो हम कहेंगे की वह क्षेत्र जल संकट से जूझ रहा है। देश में पानी की समस्या कोई नयी नहीं है।

शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए हाहाकार मचा है। देश इस समय भीषण जल संकट से गुजर रहा है और इस आसन्न संकट पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो हालत बदतर होने की सम्भावना है।

जल मनुष्य को प्रकृति द्वारा दिया गया वरदान है। जल है तो जीवन है। प्रकृति वर्षा द्वारा जल देती है। जल उपलब्धता को लेकर वर्तमान में भारत ही नहीं अपितु समूचा विश्व चिन्तित है। जल ही जीवन है। जल के बिना सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव का अस्तित्व जल पर निर्भर करता है।

पृथ्वी पर कुल जल का अढाई प्रतिशत भाग ही पीने के योग्य है। इनमें से 89 प्रतिशत पानी कृषि कार्यों एवं 6 प्रतिशत पानी उद्योग कार्यों पर खर्च हो जाता है। शेष 5 प्रतिशत पानी ही पेयजल पर खर्च होता है। यही जल हमारी जिन्दगानी को संवारता है। भारत में पानी की उपलब्धता लगातार कम हो रही है। पानी की खपत की दृष्टि से विश्व में भारत का दूसरा स्थान है लेकिन दूसरी तरफ भूजल का दोहन भी उतनी तेजी से हो रहा है।

जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या विस्फोट और परंपरागत जल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन की वजह से भूजल का स्तर लगातार कम होता जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत विश्व के कुल भूजल का 24 फीसदी इस्तेमाल करता है। शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जिस तरह से जल स्तर कम हो रहा है उससे भविष्य में संकट और गहरा हो सकता है। धरती का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी पानी से भरा हुआ है, लेकिन इसमें से सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा ही पीने योग्य है। भारत अपनी जल-जरूरतों की पूर्ति के लिए सबसे ज्यादा भू-जल पर ही निर्भर है। यह ग्रामीण एवं शहरी घरेलू जलापूर्ति का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है।

शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जिस तरह से जल स्तर कम हो रहा है उससे भविष्य में संकट और गहरा हो सकता है। धरती का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी से भरा हुआ है, लेकिन इसमें से सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा ही पीने योग्य है। भारत अपनी जल-जरूरतों की पूर्ति के लिए सबसे ज्यादा भू-जल पर ही निर्भर है।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 3 में से 1 व्यक्ति सुरक्षित पेयजल के बिना रहता है। दुनिया की आधी आबादी 2025 तक जल-तनावठास्त क्षेत्रों में रह रही होगी। दुनिया में लगभग 2.2 बिलियन लोग सुरक्षित पानी तक पहुंच के बिना रह रहे हैं। पृथ्वी का तीन चौथाई भाग पानी से ढका है मगर इस जल का 99 प्रतिशत पानी पिया नहीं जा सकता और पीने योग्य पानी पृथ्वी पर मात्र एक प्रतिशत ही है। पेयजल के महत्व को देखते हुए भूजल प्रबंधन महत्वपूर्ण हो जाता है। भूजल प्रबंधन के लिए पूरे विश्व को एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। भारत में विश्व की 17 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है किंतु जल उपलब्धता मात्र चार प्रतिशत है। देश के 267 जिलों में राष्ट्रीय औसत से अधिक भूजल का दोहन किया गया है।

देश इस समय भीषण जल संकट से गुजर रहा है और इस आसन्न संकट पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो हालत बदतर होने की सम्भावना है। देश के करीब 60 करोड़ लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। करीब 75 प्रतिशत घरों में पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। साथ ही, देश में करीब 70 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं है। साफ और सुरक्षित पानी नहीं मिलने की वजह से हर साल करीब दो लाख लोगों की मौत होती है। पृथ्वी पर कुल जल का अढ्ढाई प्रतिशत भाग ही पीने के योग्य है। इनमें से 89 प्रतिशत पानी कृषि कार्यों एवं 6 प्रतिशत पानी उद्योग कार्यों पर खर्च हो जाता है। शेष 5 प्रतिशत पानी ही पेयजल पर खर्च होता है। यही जल हमारी जिन्दगानी को संवारता है। देश और दुनियां में पर्यावरण की स्थिति लगातार असंतुलित होती जा रही है जिसके फलस्वरूप बहुत से क्षेत्र जल की कमी के कारण डार्क जोन में पहुंच चुके हैं।

अन्तराष्ट्रीय संस्था वर्ल्ड लाइफ फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व में 100 शहर ऐसे हैं जिन्हें वर्ष 2050 तक जल संकट के गंभीर खतरे का सामना करना पडेगा। इन 100 शहरों में 23 भारत के हैं। भारत के शहरों में पुणे, ठाणे, वडोदरा, राजकोट, कोटा, नासिक, जबलपुर, हुबली, धारवाड, नागपुर, जालंधर, धनबाद, भोपाल, सूरत, दिल्ली, अलीगढ, लखनऊ, कन्नूर, श्रीनगर, कोलकाता, मुंबई, कोझिकोड, विशाखापट्टनम चिन्हित किए गए हैं जो डार्क जोन में हैं। 2050 तक इन शहरों को कई खतरों का सामना करना पडेगा जिनमे जल की कमी,बाढ और प्रदूषण मुख्य हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन के अनुसार दुनियाभर में 86 फीसदी से अधिक बीमारियों का कारण असुरक्षित व दूषित पेयजल है। वर्तमान में 1600 जलीय प्रजातियां जल प्रदूषण के कारण लुप्त होने के कगार पर हैं। विश्व में 1.10 अरब लोग दूषित पेयजल पीने को मजबूर हैं और साफ पानी के बगैर अपना गुजारा कर रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में सिंचाई एवं अन्य कार्यों के लिए भूमिगत जल के अत्यधिक प्रयोग के कारण भूमिगत जल के स्तर में गिरावट आई है। सभी स्त्रोतों से प्राप्त जल मनुष्य के लिए उपयोगी नहीं होता। औद्योगीकरण के कारण नदियों का जल प्रदूषित होता जा रहा है, इन्हीं कारणों से मानव जगत् में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। सरकार को जनता में जागरूकता लाने के लिए विशेष प्रबन्ध और उपाय करने होंगे। आवश्यकता इस बात की है कि हम जल के महत्व को समझे और एक-एक बूंद पानी का संरक्षण करें तभी लोगों की प्यास बुझाई जा सकेगी।

–अतिथि संपादक
बाल मुकुन्द ओझा
वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

एक राष्ट्र : एक चुनाव

डॉ. कैलाश सोडाणी

देश में 1952, 1957, 1962 एवं 1967 में लोकसभा एवं सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ सम्पन्न हुए थे

एक देश एक चुनाव का अर्थ भारत की लोकसभा एवं समस्त विधानसभाओं का चुनाव प्रत्येक पांच वर्ष में एक साथ कराने की व्यवस्था से है, जिसमें नगरपालिका एवं पंचायत चुनाव सम्मिलित नहीं हैं।

देश में 1952, 1957, 1962 एवं 1967 में लोकसभा एवं सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ सम्पन्न हुए थे। 1968 व 1969 में कुछ विधान-सभाएं राजनैतिक कारणों से समय से पूर्व भंग की गयी, जिससे एक राष्ट्र, एक चुनाव की व्यवस्था बाधित होना प्रारम्भ हो गयी। न केवल विधानसभाएं अपितु लोकसभा भी समय से पूर्व भंग होने लगी। फिर तो यह क्रम चल पड़ा। पिछले कुछ समय से तो भारत चुनावों के चक्रव्यूह में फंसा हुआ देश बन कर रह गया है। परिणाम स्वरूप प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से लेकर सांसद, विधायक, सरपंच आदि सभी राजनीतिज्ञों एवं सरकारी मशीनरी का समय देश के विकास में लगने के बजाय चुनावों में लग रहा है। बार-बार चुनाव होने से सरकारी धन अनुत्पादक कार्यों में लग रहा है। हॉस्पिटल, स्कूल व सड़कों के लिए खर्च होने वाला धन चुनावी व्यवस्था में लग रहा है। यही स्थिति राजनैतिक दलों की भी हो रही है, लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अलग-अलग होने से उनके खर्च भी दुगुने हो गये हैं। स्वाभाविक रूप से प्रत्याशियों के खर्च भी इसी ढंग से बढ़ गये हैं।

नि:संदेह बार-बार चुनाव से समय एवं धन की बर्बादी तो तय है, साथ ही चुनावों के कारण हर बार लगने वाली आचार-संहिता भी विकास एवं जनहित के कार्यों के लिए रुकावट बनती है। चुनावी आचार संहिता के कारण राजनीतिज्ञ पर्दे के पीछे चला जाता है। प्रजातंत्र की ड्राइविंग सीट पर सरकारी सामंत बैठ जाते हैं। कार्यपालिका अपनी मनमर्जी से राज करने लगती है, उन पर नियंत्रण समाप्त हो जाता है। लालफीताशाही और भ्रष्टाचार बढ़ जाता है।

पांच वर्ष की अवधि में तीन-चार बार के चुनावों के कारण बार-बार लगने वाली आचार संहिता की वजह से विधायिका द्वारा शासन करने का कालखण्ड भी बेवजह लगभग एक वर्ष कम हो रहा है। यह स्थिति किसी भी देश के प्रजातंत्र के लिए ठीक नहीं है। बार-बार चुनाव होते रहने की स्थिति में राजनीतिज्ञों एवं राजनैतिक दलों को समाज की समरसता को भंग करने का बार-बार अवसर मिलेगा। एक साथ चुनाव होने की स्थिति में इस प्रकार की समस्याओं से कुछ राहत मिलेगी।

एक राष्ट्र एक चुनाव से असहमति वाले विद्वानों का यह मानना है कि इतनी बड़ी आबादी वाले देश में लोकसभा एवं सभी विधानसभाओं के एक साथ चुनाव सम्भव नहीं है। हमारे देश के मजबूत एवं गौरवशाली इतिहास के धनी चुनाव आयोग एवं डिजिटल वर्ल्ड में यह तर्क बहुत कमजोर है। भारत की 75 वर्ष की शानदार और अभूतपूर्व प्रजातांत्रिक यात्रा के लिए चुनाव आयोग की निष्पक्ष एवं निर्विवादित भूमिका को सहर्ष स्वीकार करना चाहिये।

कुछ बुद्धिजीवियों का यह मानना है कि संविधान ने हमें जो संसदीय मॉडल प्रदान किया है, जिसके तहत लोकसभा एवं विधानसभाएं पांच वर्ष के लिए चुनी जाती हैं। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करवाने पर कुछ विधानसभाओं का कार्यकाल घटाया जायेगा और कुछ का बढ़ाया जायेगा। जो न्यायसंगत नहीं है परन्तु यह स्थिति तो केवल एक बार आयेगी। बहुत कुछ पाने के लिए थोड़ा सा त्याग तो बनता भी है।

एक चुनाव की अवधारणा की क्रियान्विति के लिए संविधान एवं अन्य कानूनों में संशोधन की आवश्यकता रहेगी, जो देश के वर्तमान राजनैतिक माहौल में कठिन लगता है। वैसे नुकसान किसी भी राजनैतिक दल को नहीं है, फिर भी केवल विरोध के लिए विरोध किया जा रहा है। जिसे आपसी विचार विमर्श एवं सहमति से ठीक किया जा सकता है। भारत में इसी प्रकार की नई मुहिम के अन्तर्गत 'एक देश-एक कर' की व्यवस्था को जी.एस.टी. के द्वारा सफलतापूर्वक लागू किया गया है। देश का नीति आयोग, चुनाव आयोग, संविधान समीक्षा आयोग और विधि आयोग लम्बे एवं सार्थक विचार-विमर्श के बाद यह स्वीकार कर चुके हैं कि एक राष्ट्र एक चुनाव की व्यवस्था को देश हित में यथाशीघ्र प्रारम्भ किया जाना चाहिये।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत ही दृढ़ता के साथ देशवासियों को एक चुनाव के लिए आव्हान किया। सभी राजनैतिक दलों को राष्ट्रहित में एक राष्ट्र एक चुनाव के निर्णय में भागीदार बनना चाहिये।

–डॉ. कैलाश सोडाणी
पूर्व कुलपति
महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर
गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा

पीपा जयंती पर विशेष

आज भी प्रासंगिक है संत पीपा जी का भक्ति साहित्य



मिश्रीलाल पंवार

भारतवर्ष में ऐसे अनेकों संत-महात्माओं का उदय हुआ, जिन्होंने राजपाट का त्याग कर संन्यासी जीवन को अंगीकार किया। मानवता की सेवा की तथा अज्ञानियों को धर्म की राह बताई। ऐसे ही महापुरुषों में संत पीपा जी महाराज का नाम अग्रणीय है।

संत शिरोमणि पीपा जी का जन्म विक्रम संवत 1380 में राजस्थान में झालावाड़ के पास स्थित गागरोन में हुआ था। वे खींची वंश के प्रतापी राजा थे। पीपाजी का जन्म चैत्र शुक्ल पूर्णिमा, बुधवार विक्रम संवत 1380 को हुआ था। इनका बचपन का नाम प्रताप सिंह था। उच्च राजसी शिक्षा-दीक्षा के साथ ये युद्ध कौशल में निपूर्ण थे। पिता कड़वा राव के देहांत के बाद केवल बीस वर्ष की आयु में आपका गागरोन के राजा के रूप में राज्याभिषेक हुआ। अपने अल्प राज्यकाल में पीपाजी ने फिरोजशाह तुगलक, मलिक जर्दफिरोज व लल्लन पठान जैसे योद्धाओं को पराजित कर अपनी वीरता का लोहा मनवाया।

अच्छे-अच्छे योद्धाओं को धूल चटाने वाले बारह रानियों के स्वामी गढ़ गागरोन के महाराज प्रताप सिंह के मन में ना जाने कैसे अध्यात्म की ज्योत प्रज्वलित हो उठी। वे संसारिक भोग विलासिता से दूर होते गए। उनका मन अब राजपाट में कम ही लगता था। उस समय तक उनके जीवन में गुरु का आगमन नहीं हुआ था। उन्होंने सोचा के उन्हें किसी न किसी को गुरु बना ही लेना चाहिए। उन्हीं दिनों काशी के संत जगत गुरु रामानंदचार्य जी महाराज की चर्चा पूरे देश में फैली हुई थी। उन्होंने मन ही मन गुरु रामानंदचार्य जी महाराज को अपना गुरु मान लिया। एक दिन वे गागरोन से प्रस्थान कर काशी जा पहुंचे। काशी में रामानंदाचार्य जी के आश्रम जा पहुंचे तथा शिष्य बनाने की इच्छा जताई। वहां मौजूद लोगों ने रामानन्दाचार्य जी को बताया कि गढ़ गागरोन का राजा आया है। कहता है कि आपसे दीक्षा लेनी है। गुरु रामानंदचार्य जी महाराज ने सोचा की एक राजा दीक्षा लेकर क्या करेगा? लगता है किसी पारिवारिक परेशानी से होकर क्षणिक दुखी हो गया है, इसलिए दीक्षा लेने मेरे पास चला आया है। उन्होंने कुछ सोच कर वहां मौजूद शिष्यों से कहा कि राजा से कहो कि सामने जो कुआं है, उसमें जाकर कूद जाए। गुरु आज्ञा पाकर कुछ शिष्य राजा प्रतापसिंह के पास पहुंचे तथा कहा कि गुरु जी कहते हैं कि कुएं में कूद जाओ। इतना सुनते ही राजा प्रतापसिंह पास ही स्थित कुएं की तरफ दौड़ पड़े। वे कुएं के भीतर कूदने ही वाले थे कि लोगों ने उन्हें पकड़ लिया।

यह बात गुरु जी के कानों तक पहुंची तो वे बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने राजा प्रतापसिंह को अपने पास बुलाया तथा गागरोन जाकर प्रजा सेवा करते हुए भक्ति करने व संत जीवन व्यतीत करने का आदेश दिया। गुरु आज्ञा पाकर राजा प्रतापसिंह पुन: अपने राज्य गागरोन आ पहुंचे। उन्होंने भक्ति करने के साथ साथ साधु-संतों की सेवा भी आरम्भ कर दी। गरीबों के लिए लंगर लगवा दिए तथा कीर्तन मण्डलियां कायम कर दीं। राजपाट का कार्य मंत्रियों पर छोड़ दिया। सीता जी के अलावा बाकी रानियों को राजमहल में खर्च देकर भक्ति करने के लिए कह दिया।

एक वर्ष पश्चात संत रामानन्दाचार्य जी अपनी शिष्य मंडली के साथ गागरोन आए व पीपाजी को दीक्षा देकर वैष्णव धर्म के प्रचार का आदेश दिया। इसके साथ ही राजा प्रतापसिंह संत पीपा जी बन गए। इसके बाद पीपाजी ने अपना सारा राजपाट अपने भतीजे कल्याणराव को सौंप कर गुरु आज्ञा से अपनी सबसे छोटी रानी सीताजी के साथ वैष्णव-धर्म प्रचार-यात्रा पर निकल पड़े। पीपाजी सन्त कवि थे। उनकी रचनाएं आज भी प्रासंगिक हैं। वे भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक थे। गुरु ग्रंथ साहिब के अलावा 27 पद, 154 साखियां, चितावणि व ककहारा जोग ग्रंथ इनके द्वारा रचित संत साहित्य की अमूल्य निधियां हैं।

संत पीपा जी

पीपाजी महाराज का संपूर्ण जीवन चमत्कारों से भरा हुआ रहा। राजकाल में देवीय साक्षात्कार करने का चमत्कार प्रमुख है। उसके बाद संन्यास काल में स्वर्ण द्वारिका में सात दिनों का प्रवास, पीपावाव में रणछोडराय जी की प्रतिमाओं को निकालना व अकालग्रस्त इस में अन्न क्षेत्र चलाना, सिंह को अहिंसा का उपदेश देना, लाठियों को हरे बांस में बदलना, एक ही समय में पांच विभिन्न स्थानों पर उपस्थित होना, मृत तेली को जीवनदान देना, सीता जी का सिंहनी के रूप में आना आदि कई चमत्कार जनश्रुतियों में प्रचलित हैं।

इनके द्वारा सृजित यह नवीन वर्ग ऐसा था जो हाथों से परिश्रम करता और मुख से ब्रह्म का उच्चारण करता था। समाज सुधार की दृष्टि से संत पीपाजी ने बाहरी आडम्बरों, कर्मकांडों एवं रूढ़ियों की कड़ी आलोचना की तथा बताया कि ईश्वर निर्गुण व निराकार है वह सर्वत्र व्याप्त है। मानव मन में ही सारी सिद्धिया व वस्तुएं व्याप्त हैं। ईश्वर या परम ब्रह्म की पहचान मन की अनुभूति से है।

संत पीपा जी के अहिंसा के उपदेशों से प्रभावित होकर उस समय हजारों की संख्या में क्षत्रियों ने हिंसा का मार्ग त्याग कर सीवन कला को अंगीकार कर लिया। उनका सर्वाधिक प्रभाव मारवाड़ पर पड़ा। इनके अनुयायी पीपा क्षत्रीय दर्जी समाज के नाम से पहचाने जाते हैं। संत पीपा जी महाराज मारवाड़ की धरा पर कब पधारे, इसका इतिहास में कहीं उल्लेख नहीं है मगर उनके अनुयायियों का यहां बड़ी संख्या में होना प्रमाणित करता है कि वे मारवाड़ में आए थे तथा इस दौरान क्षत्रियों पर गहरा प्रभाव छोड़ा था।

कहते हैं कि पीपा जी के बताए अनुसार बड़ी संख्या में क्षत्रियों ने तलवार का त्याग कर सुई धागे से जीवन यापन करने की राह चुनी थी। हर वर्ष चैत्रिक पूर्णिमा को अपने आराध्य देव का जन्मोत्सव भक्ति भाव से मना कर श्रद्धा में शीश नवाते हैं। इस वर्ष 16 अप्रेल को संत पीपा जी का 699 वां जन्मोत्सव भारत भर में मनाया जाएगा।

मिश्रीलाल पंवार

राशिफल शनिवार 16 अप्रेल, 2022

पंडित अनिल शर्मा

श्री चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, शनिवार, विक्रम संवत 2079, हस्त नक्षत्र प्रात: 8:40 तक, हर्षण योग रात्रि 2:44 तक, विष्टि करण दिन 1:25 तक, चन्द्रमा रात्रि 8:01 पर तुला राशि में प्रवेश करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-मेष, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कुम्भ, बुध-मेष, गुरू-मीन, शुक्र-कुम्भ, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

रवियोग प्रात: 8:40 तक बना रहेगा। भद्रा दिन 1:25 तक रहेगी। आज चैत्री पूर्णिमा, सत्य पूर्णिमा व्रत, मन्वादि, श्री हनुमान जन्मोत्सव, सर्व देव दमनोत्सव, इस्टर सेटर डे है।

श्रेष्ठ चौघड़िया: शुभ 7:41 से 9:16 तक, चर 12:27 से 2:02 तक, लाभ-अमृत 2:02 से 5:12 तक।

राहूकाल: 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:06, सूर्यास्त 6:47

मेष
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अटके हुए कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। मन का भय समाप्त होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

सिंह
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

धनु
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

वृष
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।

कन्या
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

मकर
धार्मिक-मांगलिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



मिथुन
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



तुला
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।



कुंभ
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



कर्क
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।



वृश्चिक
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।



मीन
परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

ख्याली गांव में पन्द्रह दिनों से नहीं पहुंचा आपणी योजना का पानी

चूरू, (कासं)। निकटवर्ती गांव ख्याली के निवासियों के लिए झुंझुंनूं जिले में होना जी का जंजाल बना हुआ है। ख्याली में पन्द्रह दिनों से आपणी योजना चूरू का पानी नहीं पहुंच रहा है। झुंझुंनूं जिले में होने के कारण आपणी योजना चूरू के अधिकारी ग्रामीणों की कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। ख्याली निवासी राजेन्द्रसिंह ने बताया कि गांव में पिछले 15 दिन से भी अधिक समय से पेयजल की भंयकर समस्या बनी हुई है।

■ **गांव ख्याली के निवासियों के लिए झुंझुंनूं जिले में होना बना जी का जंजाल**

गांव ख्याली में चूरू जिले के सिरसला गांव में बनी आपणी योजना चूरू की टंकी से पेयजल सप्लाई होता है। पहले यहां 2 दिन पानी आता था। गर्मी का मौसम शुरू होने के बाद यहां आपणी योजना चूरू के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पेयजल सप्लाई करने में लापरवाही बरतनी शुरू कर दी। अब गांव ख्याली के अगुणा पाना में पेयजल की सप्लाई पूरी से बंद कर दी गई है। यहां आपणी योजना चूरू को अवगत करवा देने के बाद भी अधिकारीगण कोई समाधान नहीं कर रहे हैं। उधर झुंझुंनूं जिले के उच्च अधिकारी ख्याली गांव में जाने को ही काले पानी की सजा मानते हैं। यही कारण है कि गांव ख्याली में आज तक कोई भी कलैक्टर, एडीएम, एसडीएम या अन्य किसी विभाग का उच्च अधिकारी नहीं आया है। इसी कारण गांव ख्याली के लोग पेयजल और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। जनप्रतिनिधि सिर्फ अपने वोटों से मतलब रखते हैं, ग्रामीणों की समस्याओं से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। जनप्रतिनिधि ही अगर ख्याली की ओर ध्यान देते तो आज लोगों को पेयजल व चिकित्सा के लिए भटकना नहीं पड़ता।

यहां चन्द्र कंवर ने कहा कि गांव ख्याली में मलसीसर से पेयजल सप्लाई शुरू की जावे, तभी यहां पेयजल की समस्या का समाधान हो सकेगा। उन्होंने बताया कि घरों में बारिश का पानी एकत्रित करने के लिए बने कुण्ड खाली हो गए हैं। गांव के कुवों का पानी एकदम खारा है। ऐसे में पेयजल की बड़ी भारी समस्या उत्पन्न हो गई है।

अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को पेयजल समस्या का समाधान करवाना चाहिए। गौरतलब है कि मूलभूत सुविधाओं से वंचित एवं परेशान ख्याली के ग्रामीण गांव को चूरू जिले में शामिल करने की मांग भी कई बार कर चुके हैं।

देर रात तक जमी रूण्डेडा की प्रसिद्ध गैर



नगर के जोशिला हनुमान मंदिर प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर आयोजित मेला व अन्य कार्यक्रम के तहत आयोजित गैर नृत्य देर रात तक जमा रहा।

कानोड़, (निसं)। नगर के जोशिला हनुमान मंदिर प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर आयोजित मेला व अन्य कार्यक्रम के तहत गुरूवार रात को मंदिर परिसर में आयोजित गैर नृत्य देर रात तक जमा। रूण्डेडा गांव के मेनारिया समाज के लोग मेवाड की पंरपरा व सस्कृति को जीवंत रूप देते हुए पारंपरिक मेवाडी पगडी सहित परिधानों में पहुंचे। यहां मंदिर मण्डल के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत सम्मान किया। इसके बाद ढोल की थाप पर गैर नृत्य शुरू हुआ जो रात करीब 12 बजे तक चला।

बुजुर्गो ने एक हाथ में तलवार तो दूसरे हाथ में लाठी लेकर मनमोहन गैर नृत्य किया वहीं गैर नृत्य के दौरान एक नन्हा बालक भी आकर्षण का केन्द्र रहा जिसने बड़े बुजुर्गों के साथ कदमताल करते हुए नृत्य किया। आयोजन को लेकर मेले में बालाजी सहित वानर सेना की आकर्षक झाकियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में एक लाख रूपये का सहयोग देने वाले भामाशाह व भाजपा वल्लभनगर प्रभारी हिम्मत सिंह झाला का मंदिर मण्डल पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान मोहन लाल मेनारिया, कानोड़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष भगवतीलाल शर्मा , पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिल शर्मा सहित अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक चन्द्रप्रकाश सुथार द्वारा किया वहीं आभार मंदिर मण्डल के भूपेन्द्र जोशी द्वारा किया गया।

■ **मेले का आज यज्ञ हवन के साथ होगा समापन**

इस कार्यक्रम के तहत आयोजित मेले में मेलार्थियों ने चकरी डोलर, गोल गप्पे सहित के आनंद के साथ खरीददारी की। आयोजक भूपेन्द्र जोशी ने बताया कि कार्यक्रम का समापन 16 अप्रेल को यज्ञ हवन की पुर्णाहूति के साथ होगा।

मुझे मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला, फिर भी सरकार गिराने की कोशिश की गई : गहलोत

डूंगरपुर में कांग्रेस सेवादल की आजादी गौरव यात्रा में बोले ''यदि हम निकम्मे थे, काम नहीं कर रहे थे तो अच्छा होता कि आप सरकार भंग कर देते''

डूंगरपुर/जयपुर, (का.प्र.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान के सियासी उलटफेर को एक बार फिर याद किया है और टाइमिंग भी वैसी ही है, जैसी उस समय थी। यानी कि उस समय राज्यसभा चुनाव से ठीक पहले जब कांग्रेस विधायकों की बाड़ाबंदी हुई थी, वही अब दो महीने बाद फिर राज्यसभा चुनाव होने हैं और उससे पहले ही गहलोत ने फिर से सियासी तनातनी को याद किया है। इतना ही नहीं उन्होंने राजस्थान में मंत्री परिषद छोड़ने वाले तीन नेताओं रघु, हरीश चौधरी और गोविंद सिंह डोटासरा को फिर से मंत्री पद मिलने की आस भी जगाई है। हालांकि यह मौका तो नहीं था कि सियासी बातें का, क्योंकि जिस जगह मुख्यमंत्री ने यह सब बातें कहीं वह मौका था कांग्रेस सेवादल की आजादी गौरव यात्रा का, लेकिन इस मौके का फायदा उठाते हुए मुख्यमंत्री ने राजस्थान की सियासत को फिर से चर्चा में ला दिया।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पौने दो साल पहले राजस्थान कांग्रेस में हुई आपसी तकरार और बाड़ेबंदी के समय को याद करते हुए कहा कि राजस्थान में अमित शाह और जोधपुर वाले एमपी गजेंद्र सिंह को शर्म ही नहीं आई। जोधपुर का एमएलए मैं हूं, मुझे मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला हुआ है। फिर भी सरकार गिराने की कोशिश की। मेरी सरकार गिराने के लिए अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र शेखावत ने हमारी पार्टी के अंदर तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी थी। आप बताइए, यह लोकतंत्र है। कहां ले जाएंगे देश को।

इससे आगे मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि इससे अच्छा होता कि हम निकम्मे थे। काम नहीं कर रहे थे। राजस्थान का लॉ एंड ऑर्डर खराब हो गया। सब कुछ ब्रेक डाउन हो गया तो आप सरकार भंग कर देते। एमएलए खरीदकर आप देश को कहां ले जाना चाहते हैं? मोदीजी और अमित शाह पर यह दोष जो लगा है, देश के इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाएगा। इसे कोई मिटा नहीं सकता।

गुजरात के साबरमती आश्रम से शुरू हुई सेवादल की गौरव यात्रा की

- **मुख्यमंत्री गहलोत को फिर राजस्थान कांग्रेस में सियासी उठापटक की याद आई**
- **हरीश, डोटासरा को फिर से मंत्री बनने की आस जगाई, रघु शर्मा से कहा मैं गुजरात प्रभारी था, तो बना मुख्यमंत्री**

अगवानी करने के बाद रतनपुर बॉर्डर पर हुई सभा में बात करते हुए गहलोत ने कहा कि गुजरात प्यारा स्टेट, लेकिन यहां शासन करने वाले बड़े खतरनाक लोग है। चाहे वह अमित शाहजी हों या मोदीजी। कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं। उनकी कथनी करनी में भयंकर अंतर है। जो बहुत खतरनाक होता है। शासन करने वालों को दिल बड़ा रखना चाहिए। मोदीजी ने कहा कि 56 इंच का सीना है मेरा तो। यह वास्तव में दिखाना चाहिए था। संवेदनशीलता से शासन करते। सब जाति, धर्म, वर्गों को साथ लेकर चलते। देश का प्रधानमंत्री किसे कहते हैं ?

अमित जी शाह को निशाने पर लेते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि गृह मंत्री जहां कभी सरदार पटेल बैठे थे, वहां आप बैठे हो। क्या करतूतें कर रहे हो। विधायक खरीदकर सरकारें गिराओ। वोटों के माध्यम से नहीं पैसों के जरिए एमएलए खरीदो। राज्यसभा चुनाव हो तो एमएलए खरीदकर राज्यसभा की सीट जीतो। मध्य प्रदेश में सरकार चुनी हुई थी। आपने 22 एमएलए को 35-35 करोड़ में खरीदकर सरकार गिरा दी। यह कहां का लोकतंत्र है।

राजस्थान मंत्रिमंडल से हटने वाले तीन मंत्रियों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि यहां रघु शर्मा ने कहा था कि या तो प्रभारी रहूंगा या मंत्री रहूंगा। इन्होंने मंत्री की जगह प्रभारी बनना मंजूर किया। कितनी बड़ी बात है। पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा मंत्री थे। इन्होंने मंत्री की जगह पीसीसी अध्यक्ष रहना मंजूर किया। मंत्री पद आते-जाते रहते हैं। मंत्री तो आप कभी बन जाओगे। रघु शर्मा, गोविंद डोटासरा, हरीश चौधरी खुद की इच्छा से मंत्री पद से हटे, जब चाहेंगे तब मंत्री बन जाओगे। योगदान दे रहे हो। मैं गुजरात का प्रभारी था। मुझे इन्होंने मुख्यमंत्री बना दिया। आप समझो। राहुल गांधी ने आपको सोच-समझकर गुजरात भेजा है। मैं खुद 10 महीने में प्रभारी रहा।

इससे पहले गुजरात के साबरमती से 6 अप्रैल को निकली यात्रा रतनपुर बॉर्डर पर पहुंची। गुजरात कांग्रेस के प्रभारी और राजस्थान के पूर्व चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा के नेतृत्व में बॉर्डर पर गौरव यात्रा के आते ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान प्रभारी अजय माकन, राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद डोटसरा, कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत मालविया, सीडब्ल्यूसी के सदस्य रघुवीर मीणा, सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई, यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गणेश घोघरा समेत कई नेताओं ने स्वागत किया।

गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु के दु:ख को महसूस किया

सेंट एंड्रयूज चर्च में शुक्रवार को गुड फ्राइडे मनाया गया। इस दिन प्रभु यीशु को क्रॉस पर चढ़ाया गया था जिससे उनकी मृत्यु हो गई थी। इस दौरान चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई। सभा में जवानों द्वारा लघु नाट्य से प्रभु यीशु के दुख का चित्रण भी किया गया।

कांग्रेस की सरकार अपनी कमजोरी से गिर रही थी और गहलोत भाजपा पर झूठे आरोप लगा रहे : डॉ. पूनिया

'आपसे नहीं संभल रहा तो बेहतर होगा कि कुर्सी छोड़ दें'

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि, राज्य की कानून व्यवस्था संभालने में विफल अशोक गहलोत अपनी सरकार की सभी विफलताओं का ठीकरा केन्द्र पर डालते हैं, जो हास्यास्पद है, वह यह स्वीकार करने को क्यों तैयार नहीं है कि उनकी सरकार के संरक्षण में हिंसा और दंगे हो रहे हैं? हाल ही में करौली हिंसा का पूरा प्रदेश और देश गवाह है कि कांग्रेस शासन में बहुसंख्यक हिंदुओं पर सुनियोजित साजिश के तहत हमला किया गया।

डॉ. पूनिया ने कहा कि राजस्थान में अंतिम सांसें गिन रही कांग्रेस को बचाने और लचर शासन के कारण उत्पन्न जनाक्रोश ने अशोक गहलोत की नींद हराम कर दी है। झूठी सहानुभूति बटोरने की कोशिश वाले इन बयानों से गहलोत को कुछ हासिल नहीं होगा,

- **'कांग्रेस में नई पीढ़ी अशोक गहलोत के समक्ष चुनौती बनकर खड़ी है और वह सच को स्वीकार नहीं करना चाह रहे और ना ही नए नेतृत्व को उभरने देना चाह रहे'**

प्रदेश की जनता आपकी और कांग्रेस की हक़ीक़त को जान चुके हैं। कांग्रेस की सरकार व उनके विधायक 42 दिन बाड़े में इसलिए बंद रहे कि आपका आलाकमान मौसमी है वो शीत निष्क्रियता का आदी है, आपकी पार्टी में नई पीढ़ी आपके समक्ष चुनौती बनकर खड़ी है और आप सच को स्वीकार नहीं करना चाह रहे और ना ही नए नेतृत्व को उभरने देना चाह रहे, जिसकी सबसे बड़ी वजह कांग्रेस का परिवारवाद है। कांग्रेस की सरकार अपनी कमजोरी से गिर रही थी और आरोप आप हम पर (भाजपा) लगा रहे हैं, भाजपा के केंद्रीय नेताओं पर सरकार गिराने के झूठे आरोप लगाना गहलोत की नैतिक पराजय है, आप से नहीं हो पा रहा है तो बेहतर होगा कि आप कुर्सी छोड़ दें।

उन्होंने कहा कि, देश में जाति, पंथ, मज़हब और वोट बैंक की राजनीति की जनक कांग्रेस है, तुष्टिकरण की राजनीति शुरूआत से ही कांग्रेस ही करती है और करौली हिंसा की घटना भी कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति का ही नतीजा है। उन्होंने कहा कि, अशोक गहलोत बताएं कि भारत का विभाजन, कश्मीर, सिख नरसंहार इन सबका दोषी क्या कांग्रेस नहीं है? अपनी सरकार की नाकामियों से ध्यान भटकाने के लिए मुख्यमंत्री बार-बार केंद्र सरकार पर झूठे आरोप लगाते हैं, मुख्यमंत्री यह क्यों नहीं कहते कि प्रदेश की कानून व्यवस्था उनसे नहीं संभल रही।

मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री के बारे में गरिमाहीन व अमर्यादित बयान देने के बजाए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य की कानून व्यवस्था मजबूत हो, कहीं भी दंगे और हिंसा ना भड़के, हिंदुओं सहित समस्त जनमानस की सुरक्षा सुनिश्चित हो और जो करौली में हिंसा हुई है, उसके दोषियों को सख्त सजा मिले और पीड़ितों को न्याय व आर्थिक मुआवजा मिले।

गहलोत जिस चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना का बड़ा गुणगान करते हैं, उसके हालात यह हैं कि आमजन को दवाइयां बाहर से खरीदकर लानी पड़ रही हैं, यह बात लोगों ने स्वयं मुख्यमंत्री से सवाईमानसिंह अस्पताल में कही कि सभी दवाइयां बाहर से लानी पड़ रही हैं।

नड्डा व बी.एल. सन्तोष के बाद अब प्रदेश में शाह के दौरे की तैयारी

जयपुर। प्रदेश भाजपा की ओर से प्रदेश में 2023 में होने वाले चुनावों की तैयारिया शुरु कर दी है। भाजपा का केन्द्रीय और प्रदेश नेतृत्व 2018 के विधानसभा चुनावों में कमजोर रही विधानसभाओं को मजबूत करने की तैयारी शुरु कर दी है। प्रदेश में पूर्व राजस्थान के बाद अब दक्षिणी राजस्थान की विधानसभा क्षेत्रों को मजबूत करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए प्रदेश भाजपा की ओर से केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे की तैयारी की जा रही है। वहीं दक्षिणी राजस्थान से गुजरात की सीमा भी जुड़ी हुई है और गुजरात में इसी साल चुनाव भी हैं। इन सभी बातों को देखते हुए गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों के साथ प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में भी भाजपा अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटी हुई है। प्रदेश के 2018 के चुनावों में कमजोर रहे पूर्व और अब दक्षिण राजस्थान के क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए अभी से प्रयास जारी है। इन आदिवासी क्षेत्रों में भाजपा नेता प्रवास के दौरान आदिवासियों को केन्द्र की अटल बिहारी और नरेन्द्र मोदी सरकार ने ही काम किए है।

कांग्रेस ने एससी-एसटी को केवल वोट बैंक समझा : जसकौर मीणा

जयपुर। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर दौसा सांसद जसकौर मीणा ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मोदी सरकार की जनजाति वर्ग के लिए चलाई जा रही योजना का लाभ एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। मोदी सरकार दुनिया भर में कीर्तिमान स्थापित करने के साथ ही पिछले 8 वर्षों से देश के गरीब तबके विशेषकर अनुसूजित जाति, जनजाति, अन्य दलित समाज के उत्थान के लिए काम कर रही है। देश में एससी/एसटी परिवारों के लिए 3 करोड़ गैस कनेक्शन, 1 करोड़ 60 लाख पक्के घर, जल व बिजली के कनेक्शन मोदी सरकार द्वारा दिये गए। साथ ही जनधन खातों व किसान कल्याण खाते या अन्य सभी योजनाओं का शत प्रतिशत पैसा दलित व आदिवासी लोगों के खातों में सीधा पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर राज्य से धारा 370 हटाकर जनजाति वर्ग के लिए आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया। मोदी सरकार बाबा साहब के सामाजिक समरसता के सपने को साकार कर रही है, जबकि 70 सालों से कांग्रेस शासनकाल में दलित व पिछडे वर्ग को केवल वोट बैंक ही

सांसद जसकौर मीणा

समझा गया। जनजाति वर्ग के भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय गौरव दिवस घोषित किया गया, बाबा साहब अंबेडकर के जीवन से जुड़े 5 स्थानों को पंचतीर्थ विकसित करने का काम मोदी ने किया। बूंदी के राजा बूंदा मीणा व डूंगरपुर मानगढ़ धाम में कालीबाई का पनोरमा बनाकर आदिवासी क्षेत्रों का गौरव बढ़ाया।

पंडित दीनदयान के स्वप्न लक्ष्य अन्त्योदय पर चलते हुए मोदी सरकार अंतिम पायदान पर खडे प्रत्येक दलित और पिछडे वर्गो तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है।

जसकौर मीणा ने गहलोत सरकार

- **'गहलोत सरकार एससी-एसटी के विकास नाम पर केवल झूठ का पुलिंदा परोस रही है'**

के तीन साल के शासनकाल पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि प्रदेश में महिला अपराध चरम पर है, बजट की अधूरी घोषणाओं का लाभ नहीं मिलने के कारण एससी/एसटी की स्थिति दयनीय बनी हुई है। गहलोत सरकार एससी/एसटी के विकास नाम पर केवल झूठ का पुलिंदा परोस रही है। प्रदेश में 15 वर्षीय आदिवासी किशोरी से रैप व हत्या के बाद शव अर्द्धनग्न अवस्था में मिला, बांसवाड़ा जिले में एससी लड़की के मुंह व कपड़े फाड़ने की घटना होती है, उदयपुर के पानरवा क्षेत्र से महिला आदिवासी से दुष्कर्म का प्रयास हुआ और पुलिस ने एफआईआर बदलकर दोषी को बचाया। मनरेगा में काम करने वाले दलित व आदिवासी लोगों के साथ शोषण हुआ, यह आरोप गहलोत के सलाहकार संयम लोढ़ा ने पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा पर लगाया है।

एसएमएस अस्पताल में मरीज को बैड पर ही मिलेगी दवा

मुख्यमंत्री को मरीजों के लिए अस्पताल में दवा नहीं मिलने की शिकायत मिली तो चिकित्सा मंत्री ने अस्पताल की सुध ली

जयपुर,(कासं)। प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल सवाई मानसिंह चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं की शिकायत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मिलने के बाद शुक्रवार को चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा ने अस्पताल का दौरा किया और व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों को बैड पर दवा पहुंचाने की व्यवस्था लागू करने के लिए कहा। इस दौरान मरीजों की

चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा ने शुक्रवार को एसएमएस अस्पताल का दौरा किया और व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।

- **चिकित्सा मंत्री ने मरीजों से वसूली करने पर दो वार्ड वॉय को गिरफ्तार करवाया**

शिकायत पर चिकित्सा मंत्री ने दो वार्ड बॉय को मरीजों से वसूली करने पर गिरफ्तार भी करवाया।

देर रात सीएम पहुंचे थे अस्पताल

इससे पहले गुरूवार देर रात मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा अस्पताल पहुंचे थे। वहां उन्होंने बाडी के सहायक अभियंता हर्षाधिपति के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी। इस दौरान सीएम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों से बात की तो उन्होंने अव्यवस्थाओं को लेकर जमकर शिकायतें की। मुख्यमंत्री ने तत्काल सभी की समस्याओं का 24 घंटे में निदान के निर्देश दिए थे। इस दौरान ट्रोमा में भर्ती मरीजों के परिजनों ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ और व्यवस्था में लगे अन्य कार्मिकों की शिकायतों का पुलिंदा मुख्यमंत्री के सामने रखा। परिजनों ने वर्तमान में मिल रहे इलाज को लेकर असंतोष जताया। साथ ही दवाई, इलाज और स्टाफ के व्यवहार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों को स्टाफ लागू नहीं कर रहा है।

आज फिर मंत्री पहुंचे अस्पताल

इसके बाद चिकित्सा मंत्री शुक्रवार दोपहर अधिकारियों को लेकर फिर अस्पताल पहुंच गए और व्यवस्थाओं की जांच की। इस दौरान उन्होंने ट्रोमा सेंटर में मरीजों की स्थिति पर नाराजगी जताई और ट्रोमा सेंटर के स्टाफ को हिदायत दी कि वह मरीजों के हित में काम करें वरना सस्पेंड कर दिए जाएंगे। मीणा ने सभी चिकित्सकों और स्टाफ को निर्देशित कर दिया कि अब किसी मरीज के हाथ में दवा की पर्ची दिखी तो यूनिट हैड को एपीओ कर दिया जाएगा। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रॉमा सेंटर में जो भी नकारा कर्मचारी हैं उन्हें बाहर का रास्ता दिखाएं और यहां ईमानदार और अच्छे काम करने वाले कर्मचारियों को लगाया जाए।

अधिकारियों की ली क्लास

चिकित्सा मंत्री ने ट्रोमा सेंटर का दौरा करने के बाद वहीं पर अधिकारियों की बैठक ली। इसमें चिकित्सा शिक्षा प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया, डॉ. सुधीर भंडारी, अधीक्षक डॉ. विनय मल्होत्रा, अस्पताल के प्रशासनिक एडमिनिस्ट्रेशन और विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। मीणा ने सभी चिकित्सकों और एचओडी को स्पष्ट निर्देश दिए कि जो दवाईयां चिकित्सक लिखे, उसे वार्ड के अंदर मरीज के बैड तक पहुंचाने की व्यवस्था करें। वर्तमान में सरकार की ओर से 969 से ज्यादा दवाईयां मुफ्त उपलब्ध करवाई जा रही है। जो दवाईयां फ्री स्टॉक में नहीं होती उसे हॉस्पिटल परिसर के अंदर ही लाइफ लाइन या दूसरे स्टोर से उपलब्ध करवाया जाए, ताकि दवाईयों की पर्ची लेकर मरीजों के परिजनों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। इस दौरान वहां मौजूद डॉक्टर्स और एचओडी ने वार्डों पर डीडीसी सेंटर बनाने, सभी यूनिटों में दवाओं का स्टॉक रखने का सुझाव दिया।

प्लास्टर बांधने के नाम पर पैसे मांग थे वॉर्ड वॉय

सीएम के समक्ष मरीजों ने परिजनों ने शिकायत की थी कि वार्ड बॉय मरीजों के प्लास्टर बांधने के नाम पर पैसे मांगते हैं। उसके बाद शुक्रवार को चिकित्सा मंत्री ने दोनों वार्ड बॉय के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर एसएमएस हॉस्पिटल थाना इंचार्ज ने वार्ड बॉय आरिफ खान पुत्र मोहम्मद जिलानी निवासी बंजारा बस्ती सूरजपोल जयपुर और जयलाल मेघवाल पुत्र देवाराम मेघवाल निवासी गिरधारीपुरा अजमेर रोड जयपुर को गिरफ्तार किया।

रोटेशन में लगेगी चिकित्सकों की ड्यूटी

अस्पताल के दौरे के बाद मीडिया से बात करते हुए चिकित्सा मंत्री ने कहा कि मरीजों की शिकायतों को दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मरीजों की समस्याओं को सुनने के लिए रोटेशन से यहां चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई जाएंगी। इसके साथ ही लपकों पर विशेष कार्रवाई करने के लिए भी कहा गया है।

उधर जार्ड का कहना है कि रेजिडेंट डॉक्टर्स 30-30 घंटे लगातार काम करते है, जरूरी दवाई लिखते है तो डीडीसी में उस पर नोट एलेविल की सील लगा देते है। मरीज वापस आता है, रेसिडेंट उसका विकल्प लिखते है वो भी अनुपलब्ध रहती है, ऐसे में एक रेसिडेंट डॉक्टर्स क्या करेगा। मरीज को ठीक भी करना है,अगर मना कर दे तो भी रेसिडेंट जिम्मेदार माना जाता है। अगर मरीज को दवा नहीं मिलती है तो स्टोर इंचार्ज, वार्ड इंचार्ज, हॉस्पिटल इंचार्ज और दवाई स्टोर इंचार्ज की क्या जिम्मेदारी है। रेजीडेंट डॉक्टर्स का कहना है कि प्रिंसिपल एवं कंट्रोलर का आदेश पूरी तरह से गलत। जिम्मेदार लोगों पर जांच करने के बजाय रेसिडेंट डॉक्टर्स पर सारा ठीकरा फोड़ना निंदनीय।

जिम्मेदारियों से मुंह फेरना गहलोत सरकार की स्ट्रेटजी : शेखावत

जयपुर। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का सवाईमानसिंह अस्पताल में रोगियों के परिजनों द्वारा घेराव का वीडियो साधा कर तंज कसा है। शेखावत ने कहा कि इसलिए गहलोत जनता का सामना करने से डरते हैं। जिम्मेदारियों से मुंह फेरना गहलोत सरकार की स्ट्रेटजी है। शुक्रवार को ट्वीट कर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के वादे उनकी तरह फेल हैं। अपनी असफलताओं को केंद्र पर थोपते रहने की कारगुजारियों के बीच उनकी अपनी चिरंजीवी योजना की हकीकत एक आम नागरिक की आपबीती से सामने आने के बाद बगले झांकने के अलावा उनके पास कोई चारा न था। शेखावत ने कहा कि उन्हें ईआरसीपी की तरह का कोई झूठ नहीं सूझ रहा था। जिम्मेदारियों से मुंह फेरना गहलोत सरकार की स्ट्रेटजी है।

कृषि पर्यवेक्षक भर्ती में फर्जीवाड़े पर शेखावत ने कहा कि एक-एक सबूत इकट्ठा किया जा रहा है, कांग्रेस सरकार के काले कारनामों का। गहलोत जी जन सरोकार में नहीं साठगांठ में विश्वास रखते हैं। नौकरी के लिए दिव्यांग तक के फर्जी सर्टिफिकेट तैयार किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की संवेदना का इससे निचला स्तर क्या होगा?

दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो भाजपा सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी : राजेन्द्र राठौड़

जयपुर। राजगढ़ विधायक जौहरी लाल मीणा के पुत्र पर लगे नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी के मामले में शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने जयपुर पहुंचकर प्रतिपक्ष के उपनेता राजेंद्र राठौड़ से न्याय की गुहार लगाई।

पीड़ित परिवार ने राठौड़ से कहा कि मामला दर्ज कराने के तीन माह गुजर जाने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। राठौड़ ने इस मामले में डीजीपी से बात कर चेतावनी दी कि यदि दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो भाजपा सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी। दौसा गैंगरेप मामले में पीड़ित परिवार ने राठौड़ से मुलाकात के दौरान यह भी बताया कि पुलिस ने पीड़ित किशोरी से 164 के बयान भी ले लिए लेकिन स्थानीय पुलिस अधिकारी विधायक पुत्र के खिलाफ कोई कार्रवाई करने से बच रहे हैं। वहीं प्रतिपक्ष के उपनेता राजेंद्र राठौड़ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि गृह मंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री को इस मामले में संज्ञान लेते हुए दोषी

- **विधायक पुत्र पर नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप के मामले में पीड़ित परिवार ने की उपनेता प्रतिपक्ष से मुलाकात की**

विधायक पुत्र पर कार्रवाई करानी चाहिए। राठौड ने कहा कि आज आलम यह है कि सभी विधायक खुद को मुख्यमंत्री से कम नहीं समझते हैं। ऐसे में पुलिस भी दबाव में ही काम कर रही है। राठौड़ ने डीजीपी एमएल लाठर से फोन पर बात कर पीड़ित परिवार को सोमवार को उनके पास भेजने की बात कही। यह भी कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो भाजपा इस मामले को उठाएगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाएगी। वहीं राजेंद्र राठौड़ से शुक्रवार सुबह राज्य बीमा एवं प्रावधार्थी निधि विभाग से जुड़े कर्मचारी भी मिले और अपनी समस्याएं रखीं।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

तीये की बैठक

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती सुमित्रा देवी शर्मा** का स्वर्गवास दिनांक 15-04-22 को हो गया है। तीये की बैठक दिनांक 16-04-22 को सायं 5:00 से 6:00 बजे निज आवास के पास संकट मोचन हनुमान मंदिर, नंदपुरी कॉलोनी हवा सड़क पर रखी गई है।

शोकाकुल: राधेश्याम शर्मा (पति) (सेवानिवृत लेखाधिकारी, RSRTC), रामस्वरूप (जेष्ठ), रामावतार, कैलाश, जगदीश (देवर), राकेश कुमार (AAO RVPN) इंदुबाला, पुष्पेंद्र अंशु (पुत्र-पुत्रवधु), डिंपल (पुत्र), प्रेमशंकर, रेवती (भतीजे) अक्षत, प्रद्युम्न (पौत्र), अर्पिता (पोत्रि) एवम समस्त मिश्रा परिवार बैजूपाडा वाले

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य सलीम खान पुत्र स्वर्गीय वहीद खान, हाल निवासी मकान नम्बर-180, करीम नगर, खोनागोरियान, जयपुर (राजस्थान) ने अपने पुत्र नईम को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे अभिभाष्य का पुत्र नईम आये दिन मेरे अभिभाष्य से लडाई-झगडा करता है, मानसिक रूप से प्रताडित करता है एवं हैरान परेशान करता है एवं मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि नईम से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार, लेन-देन करेगा तो उसकी समस्त ज़िम्मेदारी स्वयं की होगी। मेरे अभिभाष्य व उसके परिवारजन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।
जयपुर (पी.एम. खान) एडवोकेट, मो.नं. 9351253799

आम सूचना/ विधिक नोटिस मैं सतेन्द्र कुमार हुड्डा पुत्र स्व. धर्मपाल सिंह जातिः जाट, उम्र 63 वर्ष एवं मैं श्रीमती इन्द्रा हुड्डा धर्मपत्नी सतेन्द्र कुमार हुड्डा जाति जाट, उम्र 57 वर्ष निवासीः डी-280, करधनी स्कीम, गोविन्दपुरा, कालवाड़ रोड़, जयपुर हम दोनों द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पुत्र सौरभ हुड्डा, उम्र 33 वर्ष एवं पुत्रवधू स्वाति हुड्डा, उम्र 27 वर्ष द्वारा हमारे साथ दुराचरण एवं अमर्यादित व्यवहार करते हैं। अपनी मनमर्जी तथा हठधर्मिता रखते हैं तथा हमें मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं और धमकियाँ देते हैं। इसलिए हम इन दोनों से सभी तरह के सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। तथा हम इन दोनों को अपनी सभी प्रकार की चल- अचल सम्पत्ति से वंचित/ Disowned/ बेदखल करते हैं। अब हमारा इन दोनों से किसी तरह का कोई सम्बन्ध एवं लेना- देना नहीं है। अगर कोई व्यक्ति इनसे कोई लेन- देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हम स्वयं एवं हमारा परिवार तथा हमारी सम्पत्ति किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगी।
दिनांक: 15-04-2022 सूचनाकर्ताः हस्ताक्षर- सतेन्द्र कुमार हुड्डा एवं श्रीमती इन्द्रा हुड्डा

राजस्थान आवासन मंडल, वृत- प्रथम, प्रताप नगर जयपुर
क्रमांक: 503 **जाहिर आम सूचना** दिं. 13.04.2022
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 77/167 (MIG-A), (एरिया 72.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री मनोहर लाल तलरेजा पुत्र स्व. श्री रामचन्द्र तलरेजा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2421 दिनांक 26.06.2021 को जारी किया गया। श्री मनोहर लाल तलरेजा की मृत्यु दिनांक 02.03.2019 को हो जाने के कारण वसीयतनामा के आधार पर श्री रमेश चन्द शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा द्वारा उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री रमेश चन्द शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
संपदा प्रबंधक वृत्त प्रथम, राज. आवा. मंडल

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email ID: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone: 0141-2782772
क्रमांक:- DHC-II/3461 **जाहीर आम सूचना** दिनांक :- 16/3/22
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा फ्लैट संख्या डीडब्ल्यूआर/ए-902, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 40.480 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री कैलाश चन्द झालाणी पुत्र श्री दामोदर लाल झालाणी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5416, दिनांक 25.03.2019 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त फ्लैट का भौतिक कब्जा दिनांक 17.07.2019 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात् राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 284 दिनांक 08.07.2019 के द्वारा श्री कैलाश चन्द झालाणी पुत्र श्री दामोदर लाल झालाणी के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त फ्लैट के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 27.02.2020 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री कैलाश चन्द झालाणी की मृत्यु दिनांक 31.05.2021 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती इन्द्रा झालाणी पत्नी स्व. श्री कैलाश चन्द झालाणी ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्रीमती इन्द्रा झालाणी पत्नी स्व. श्री कैलाश चन्द झालाणी के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त फ्लैट का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त फ्लैट के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती इन्द्रा झालाणी पत्नी स्व. श्री कैलाश चन्द झालाणी के पक्ष में उक्त फ्लैट के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। **सम्पदा प्रबंधक, वृत द्वितीय, जयपुर**

नाम परिवर्तन

मैं Pathan Shahazad Khan पुत्र युनुस खान निवासी प्लाट नं. 190, उद्योग नगर, अलहुदा मस्जिद के पास, झोटवाडा, जयपुर ने अपना नाम Pathan Shahazad Khan से बदलकर Shehzad Khan रख लिया है भविष्य में मुझे Shehzad Khan के नाम से जाना जावें।

We, Shirish Mittal S/o Anil Kumar Mittal and Radhika Mittal W/o Shirish Mittal R/o 2/189, Vidhyadhar Nagar, Jaipur have changed our Son's Name from Ahaan to Ahaan Mittal. He will know as Ahaan Mittal in future from now on.

I have changed my name from Yusuf Mohammed to Mohammed Yusuf S/o Mohammed Yaseen for all purpose. Resi. 1177, Nawab ka Chouraha, Ghat Gate Bazar, Jaipur.

कुलदेवी के दर्शन करने जा रहे दो भाइयों के परिवार हादसे का शिकार, छह की मौत

तीन घायलों को जोधपुर रैफर किया, कुशलक्षेम पूछने एमडीएम अस्पताल पहुंचे कलेक्टर-एसपी

जोधपुर/सादुलपुर, (कासं)। नागणेच्या माता के दर्शन के लिए जा रहे भाइयों के परिवारों की बोलेरो जोधपुर की बिलाड़ा तहसील के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 165 पर झुलरी फांटा के पास सीमेंट से लदे ट्रक ट्रेलर से टकरा गई, हादसे में दोनों भाइयों के परिवार के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन ने बिलाड़ा के ट्रोमा सेंटर में पहुंच कर दम तोड़ दिया। तीन गंभीर घायलों को शुक्रवार सुबह जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में रैफर किया गया। घायलों की कुशलक्षेम जानने के लिए जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अनिल कयाल भी अस्पताल पहुंचे। हादसे में छह लोगों की मौत होने के साथ तीन घायल हुए हैं।

बिलाड़ा वृताधिकारी भूपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि चूरू जिले के ख्याली तहसील के रहने वाले चैनसिंह राजपूत और पवनसिंह का परिवार अपनी कुलदेवी नागणेच्या माता के दर्शनार्थ नागाणा जा रहे थे। यह लोग जयपुर से रात में 7-8 बजे के आस पास रवाना हुए थे। उनकी बोलेरो गाड़ी जब जोधपुर के बिलाड़ा में नेशनल हाइवे 125 पर पहुंची तब झुलरी फांटा के पास में मोड़ पर उनसे आगे चल रहे सीमेंट से लदे ट्रेलर ने अचानक से ब्रेक लगा दिया। इससे उनकी गाड़ी पीछे से ट्रेलर में घुस गई और बोलेरो में सवार नौ लोगों में से 3 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। छह घायलों को तत्काल आम लोगों की मदद से बिलाड़ा के ट्रोमा सेंटर पर भेजा गया। वहां पर तीन ने पहुंचते ही दम तोड़ दिया। वृताधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि हादसा रात में तकरीबन एक बजे के आस पास हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है। हादसे में पवनसिंह के दो पुत्रों 19 साल का विजयसिंह, प्रवीण सिंह एवं पत्नी मंजू कंवर की मौत होने के साथ उसके भाई चैनसिंह के परिवार में उसकी पुत्री 19 साल की मधुकंवर, पुत्र 20 साल का उदयप्रताप सिंह और 6 साल की मासूम दर्पण कंवर पुत्री वीरेंद्र सिंह की मौत हो गई। वहीं खुद 40 साल का पवन सिंह उसका भाई चैनसिंह, चैनसिंह की पत्नी संजू कंवर घायल हो गए।

जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में जिला कलेक्टर व एसपी ने घायलों की कुशलक्षेम पूछी।

- जोधपुर की बिलाड़ा तहसील के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 165 पर झुलरी फांटा के पास की घटना

दुर्घटना में मृत छह जनों के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 1-1 लाख रुपए तथा घायलों के लिए 20-20 हजार रुपए की सहायता राशि मंजूर की गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट कर इस दुर्घटना पर गहरा दु:ख जताते हुए संवेदना व्यक्त की है।

कोटा में हिट एंड रन केस: कार ने दंपती को कुचला, पति की मौत

कार में सवार पति-पत्नी मौके से फरार हुए

कोटा, (निसं)। शहर के नयापुरा थाना इलाके में हिट एंड रन केस का मामला सामने आया है जिसमें गुरुवार देर रात एक कार ने सड़क के नजदीक सो रहे दंपती को कुचल दिया। हादसे में पति दिनेश की मौत हो गई और पत्नी और 11 साल का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे महाराव भीमसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

घटना की सूचना के बाद पुलिस अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को महाराव भीमसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं शुक्रवार सुबह मृतक के परिजनें ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। नयापुरा थाने के सब इंस्पेक्टर लईक अहमद ने बताया कि घटना जेके लोन अस्पताल के सामने मोंटेसरी स्कूल के पास की है। नयापुरा की तरफ से स्टेशन की तरफ जा रही अनियंत्रित कार ने देर रात करीब 1.15 बजे घटना को अंजाम दिया है।

घटना में मजदूर दिनेश की मौत हो गई है जबकि उसकी पत्नी वेणी और बेटा राकेश गंभीर रूप से घायल है। अहमद ने बताया कि मजदूर परिवार बारां का रहने वाला है। परिवार कोटा में मजदूरी के कार्य से ही जुड़ा हुआ था और सड़क के किनारे झोपड़ी बनाकर रह रहा है। कार में भी पति-पत्नी सवार थे जो घटना के बाद कार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने कार को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

- हादसे में मृतक की पत्नी और 11 साल का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए
- अनियंत्रित कार ने देर रात करीब 1.15 बजे घटना को अंजाम दिया

तेज धमाके की आवाज:- दुर्घटना इतनी भीषण थी कि तेज धमाके की आवाज से सब सिहर गए। कार आगे से काफी क्षतिग्रस्त हो गई और झोंपड़ी में रखा हुआ सामान भी तहस-नहस हो गया। जिस खाट पर दिनेश सोया हुआ था वो भी पूरी तरह से चकनाचूर हो गई है। आनन-फानन में लोग हादसे के शिकार लोगों को सामने ही स्थित एमबीएस अस्पताल लेकर गए जहां पर तुरंत ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपाधीक्षक कालूराम वर्मा के मुताबिक गाड़ी चालक के नशे में होने की बात को जांचा जा रहा है।

घटना के बाद रास्ते पर बैठ गए लोग:- घटना के बाद पीड़ित परिजनों ने सड़क पर ठेले लगा कर गुस्से का इजहार किया। इस पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और इन लोगों को समझाया गया। मृतक के दूसरे बेटे का कहना है कि वो और उसके अन्य भाई बहन थोड़ी दूर झोपड़ी में अंदर सोए हुए थे। वे भी इस दुर्घटना में चोटिल हो सकते थे। मृतक के बेटे का आरोप है कि कार चालक नशे में था। उससे ठीक से चला भी नहीं जा रहा था।

बरसों से सड़क पर रहता है परिवार:- जिस जगह से हिट एंड रन का केस हुआ है, वहां मोंटेसरी स्कूल और लाडपुरा पंचायत समिति के मेन गेट के बीच सड़क के किनारे बड़ी संख्या में लोग झोंपड़ी बनाकर रहते हैं। ये सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। इन्हें प्लास्टिक के काले त्रिपाल से ढका हुआ है। जिस समय हादसा हुआ वहां पर करीब 25 लोग अलग-अलग झोंपड़ी में सो रहे थे। आसपास के लोगों का कहना है कि करीब 40 साल से लोग यहां पर ही रहते हैं और अब उनका परिवार काफी बढ़ गया है। कई बार अतिक्रमण की कार्रवाई भी यहां पर हुई और इन लोगों को हटाया गया लेकिन ये वापस यहीं आकर जम जाते हैं। सभी लोग मजदूरी करके अपना गुजर-बसर करते हैं।

सूरजगढ़ पालिका ईओ सुमेर सिंह श्योराण को सस्पेंड किया

सूरजगढ, (निसं)। नगरपालिका ईओ सुमेर सिंह श्योराण को डीएलबी डायरेक्टर ने एक आदेश जारी कर सस्पेंड कर दिया है। जानकारी के मुताबिक झालरापाटन में ईओ पद पर रहते हुए सुमेरसिंह श्योराण के विरुद्ध एसीबी में भ्रष्टाचार को लेकर मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में राज्य सरकार ने ईओ श्योराण की अभियोजन स्वीकृति जारी करते हुए निलंबित कर दिया।

निलंबन के दौरान जयपुर मुख्यालय पर रहने के आदेश दिए गए हैं। आपको बता दें कि नगरपालिका कार्यभार ग्रहण करने के बाद ईओ सुमेर सिंह श्योराण का कार्यकाल विवादों भरा रहा। चेयरमैन के बिना हस्ताक्षर के ईओ श्योराण ने पट्टा जारी कर दिया था। जिसमें नगर पालिका चेयरमैन पुष्पा गुप्ता अपने पार्षदों के साथ धरने पर बैठ गई थी। मामले को लेकर विधायक सुभाष पूनियां ने भी ईओ सुमेर सिंह श्योराण की शिकायत कर रखी थी। वार्ड 14 की रहने वाली अनिता देवी गुप्ता भी पट्टे की एवज में सुमेर सिंह श्योराण पर एक लाख रूपए मांगने का आरोप लगा चुकी है। इसके अलावा शिक्षिका सारिका व उनकी बहन ने भी ईओ सुमेर सिंह श्योराण पर महिलाओं से बदतमीजी से बात करने का आरोप लगाया था।

- चेयरमैन के बिना हस्ताक्षर के ईओ श्योराण ने पट्टा जारी कर दिया था
- निलंबन के दौरान जयपुर मुख्यालय पर रहने के आदेश दिए गए हैं

बारहवें से लौट रहे दंपती की कार चालक ने ली जान

जोधपुर, (कासं)। निकटवर्ती जोधपुर-जयपुर सडक़ मार्ग पर एक सडक़ हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। पाली जिले के जैतारण क्षेत्र निवासी दंपती बाइक पर सवार होकर भोपालगढ क्षेत्र में किसी रिश्तेदार की मौत होने पर उसके बाहरवें की रस्म में शामिल होने जा रहे थे। भावी के निकट सामने से तेज रफ्तार के साथ आई एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। अस्पताल ले जाने के समय दोनों की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार जैतारण क्षेत्र के आगेवा गांव निवासी 58 वर्षीय जेठमल छीपा अपनी पत्नी 56 वर्षीय पुष्पा के साथ बाइक पर सवार होकर भोपालगढ जा रहे थे। भावी के समीप सामने से तेज रफ्तार के साथ आई एक कार ने बाइक को टक्कर मार उछाल दिया। दोनों पति-पत्नी काफी दूर उछल कर गिरे। नीचे गिरने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने हाथों हाथ उन्हें बिलाड़ा अस्पताल पहुंचाया। मगर उनकी मौत हो चुकी थी। बिलाड़ा पुलिस ने इसमें अब जांच आरंभ की है। शवों को कार्रवाई के उपरांत परिजन को सौंप दिया गया।

बयाना में 61 कार्टन अवैध शराब बरामद

बयाना, (निसं)। जयपुर से आई आबकारी विभाग की स्पेशल टीम ने गुरूवार देर शाम को कस्बे के बजरिया मार्केट स्थित एक गेस्ट हाउस पर छापामार कार्रवाई कर अवैध अंग्रेजी-देसी शराब बरामद की है।

- कार्रवाई के समय अवैध शराब के कारोबार में लिप्त शराब माफिया मौके का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे

यह गेस्ट हाउस पुलिस चौकी व आबकारी थाने से मात्र तीस कदम की दूरी पर है। इस कार्रवाई को लेकर और सामने बैठे संबंधित विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों की कार्यशैली को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। यह शराब इस टीम ने बजरिया मार्केट स्थित गेस्ट हाउस पर उसके बगल में स्थित दो अन्य बिल्डिंग से बरामद की। कार्रवाई के समय अवैध शराब के कारोबार में लिप्त शराब माफिया मौके का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे।

आबकारी विभाग की इस छापामार कार्रवाई में जोनल आबकारी अधिकारी ज्ञानप्रकाश मीणा सहायक आबकारी अधिकारी दिगम्बर सिंह, स्थानीय आबकारी अधिकारी सतीश खटाना व अमर सिंह आदि शामिल थे। जोनल आबकारी अधिकारी ज्ञानप्रकाश मीणा ने बताया कि बयाना में इस बार अभी तक शराब के ठेके नहीं हो सके हैं। इसके बावजूद भी बयाना में कुछ लोगों की ओर से बड़े पैमाने पर शराब बेचे जाने की सूचनाएं मिल रही थी। सूचनाओं की तहकीकात कर जयपुर से टीम गठित कर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान 61 कार्टून अंग्रेजी व देसी शराब जब्त की गई जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई है। इस मामले में गेस्ट हाउस मालिक को भी मुल्जिम बनाया जाएगा।

बयाना में जयपुर से आई आबकारी विभाग की स्पेशल टीम ने गेस्ट हाउस से अंग्रेजी-देशी शराब जब्त की।

महिला की हत्या कर जेवरात लूटे

उदयपुर, (कासं.)। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में शराबी महिला की अज्ञात बदमाश हत्या कर जेवरात लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार लखावली भीलवाड़ा सुखेर निवासी गणेशी पत्नी नवलराम की अज्ञात हमलावर 14 अप्रेल रात में हत्या कर उसके पांव में पहने चांदी के कड़े, नाक का कांटा लूट ले गए।

गणेशी 14 अप्रेल सवरे मजदूरी करने के लिए गईथी। सांय मजदूरी के रूपये लेकर घर लौटी तथा शराब पीने के बाद शादी समारोह में चली गई। इसका पता चलने पर पुत्र लालूराम व उसकी पत्नी मीरा उसे लेकर घर लौट आए। कुछ ही देर बाद वह गाली गालौज कर वापस शादी समारोह में चली गई। दूसरे दिन सवेरे गांव में प्लानिंग में गणेशी का शव पड़ा था। जिसके सिर, हाथ, पांव, पर चोट रगड़ के निशान थे तथा पांव के चांदी के कड़े व नाक का कांटा गायब था। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप कर पुत्र लालूराम की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की।

भारत-पाक बॉर्डर पर खेत से चार किलो हेरोइन बरामद

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिले के अनूपगढ़ इलाके में गांव छह एमएसआर के खेत में पाकिस्तान की ओर से हेरोइन गिराने के मामले में पांच लोगों की गिरफ्तार के दो दिन बाद एक और खेत में चार किलो हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने इस मामले में पकड़े गए आरोपियों को रिमांड पर लिया था। उनसे पूछताछ की तो पास के एक और खेत में हेराइन मिलने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस पास के उस खेत में पहुंची और तलाशी शुरू की तो वहां चार किलो हैरोइन बरामद हुई।

हैरोइन की यह खेप इस बार अनूपगढ़ थाना क्षेत्र की बीएसएफ सीमा चौकी बिंजौर और मजनूं पोस्ट के बीच सीमा से सटे गांव 33 एपीडी बी में ठाकर पृथ्वी सिंह के खेत से बरामद हुई। इसे ठाकर सत्येंद्र सिंह कास्त करता है। पुलिस ने दो दिन पहले इसी इलाके के गांव छह एमएसआर से रवि उर्फ रविंद्र सिंह, राजिवंद्र और गुरनाम सिंह तथा जसवीर सिंह को गिरफ्तार किया था। इनसे पूछताछ में इन आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पहले भी इलाके में हेरोइन की खेप मंगवाई थी। यह खेप अब भी खेतों में ही पड़ी है। इस पर अनूपगढ़ थाना क्षेत्र की बीएसएफ सीमा चौकी बिंजौर और मजनूं पोस्ट के बीच सीमा से सटे गांव 33 एपीडी बी में ठाकर पृथ्वी सिंह के खेत से तलाशी ली तो वहां चार किलो हैरोइन बरामद हुई।

- दो दिन पहले गिरफ्तार किए गए पांच लोगों से पूछताछ में मिली नई खेप

पुलिस को भारत पाक सीमा क्षेत्र में सीमा से सटे खेतों में ड्रोन के जरिए हेरोइन गिराने की सूचना मिली थी। इस पर बॉर्डर इलाके में दबिश देकर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इन लोगों से पुलिस इन दिनों पूछताछ कर रही है। इसी दौरान एक अन्य खेत में हेरोइन होने की सूचना पर कार्रवाई की गई।

पिकअप की टक्कर से पुलिसकर्मी की मौत

बयाना, (निसं)। बयाना-भरतपुर रोड पर भीमनगर तिराहे के पास बीती रात्रि को एक पुलिसकर्मी की पिकअप की टक्कर से मौत हो गई। मृतक पुलिसकर्मी निकटवर्ती कस्बा उच्चैन निवासी लेखराज गुर्जर बताया है जो सूरौठ थाने के रिपीटर रूम में तैनात था। उसका पुलिस ने भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में पंचनामा व पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतक के पुत्र अनिल ने पुलिस कोतवाली में पिकअप चालक के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पिता बीती रात्रि को 9-10 बजे के बीच भीमनगर तिराहे के पास सड़क किनारे खड़े वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एक पिकअप चालक ने उनके टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई।

आरएसएस को भाजपा में मर्ज कर स्पष्ट राजनीति में उतर जाना चाहिए: गहलोत

रतनपुर बॉर्डर पर आजादी की गौरव यात्रा डांडी यात्रा का स्वागत

डूंगरपुर, (निसं)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस पर वार करते हुए कहा कि आरएसएस को भाजपा में मर्ज कर स्पष्ट राजनीति में उतर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा को सरदार वल्लभभाई ने बैन कर दिया था जिसके बाद आरएसएस ने माफीनामा देकर आरएसएस को सांस्कृतिक संगठन घोषित किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरएसएस बैकफुट पर रहकर भाजपा के लिए काम करता है। उसे खुलकर राजनीति में आना चाहिए और मुद्दों पर बात करनी चाहिए। शुक्रवार को डूंगरपुर में गुजरात-राजस्थान की सीमा रतनपुर बॉर्डर पर आजादी की गौरव यात्रा डांडी यात्रा के स्वागत के दौरान सभा को संबोधित करते गहलोत ने यह बात कही।

- 'अगले 3 महीने में 1.22 करोड महिलाओं को निःशुल्क मोबाइल फोन मिल जाएगा'
- आमसभा में सीएम ने चिरंजीवी और निःशुल्क चिकित्सा योजना को 8 बार भुनाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी, सरदार पटेल, बाबा साहेब अम्बेडकर से न जनसंघ का ताल्लुक रहा, न आरएसएस का न ही भाजपा का ये चुनाव जीतने के लिए इनका उपयोग कर रहे हैं। गहलोत ने कहा कि सरदार पटेल ने जब आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था तब आरएसएस ने लिखकर दिया था कि वे कभी राजनीति में भाग नहीं लेंगे। वे सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन हैं। गहलोत ने आरएसएस को नसीहत दी कि वे अखण्ड भारत की बात करते हैं तो हिन्दू हित की भी बात करें, आज हिन्दू भी संकट में है। मुख्यमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि घोडी से हिन्दू को उतारा जा रहा है वह भी दलित हिन्दू है और उसे उतारने वाले भी हिन्दू। समाज की इस खाई को दूर करने का प्रयास करे। आरएसएस छुआछूत को दूर करने का प्रयास करें। गहलोत ने कहा कि अखण्ड भारत तब बनेगा जब इस देश में जातियां अखण्ड होंगी। उन्होंने कहा कि हिन्दू सिर्फ भाजपा व आरएसएस में ही नहीं हैं बल्कि कांग्रेस के लोग भी हिन्दू है, लेकिन हिन्दू का ठेका केवल भाजपा और आरएसएस ने ले रखा है।

सीएम ने कम से कम 8 बार मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि चिरंजीवी योजना में प्रदेश के हर नागरिक का उपचार नि:शुल्क हो इसलिए एक अप्रैल से ओपीडी-आईपीडी को भी नि:शुल्क कर दिया है। गहलोत ने कहा कि अगले तीन महीने में एक करोड 22 लाख महिलाओं को नि:शुल्क मोबाइल फोन मिल जाएगा जिसके साथ ही उन्हें 3 साल का इंटरनेट फ्री मिलेगा ताकि महिलाएं आधुनिक समाज से जुडी रहें। मुख्यमंत्री गहलोत ने विपक्ष की चुटकी लेते हुए कहा कि विपक्ष को बजट घोषणाओं की चिंता करने की जरूरत नहीं है इसके लिए वे स्वयं चिंता कर रहे हैं तथा दिन-रात बजट घोषणाओं को प्रदेश में लागू करने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक बजट घोषणा की 220 घोषणाएं लागू हो चुकी हैं और वे खुद इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

आमसभा के दौरान रघु शर्मा, गोविन्द सिंह डोटासरा, हरीश चौधरी का नाम लेते हुए गहलोत ने कहा कि जो भी मंत्री पद छोडकर संगठन के लिए कार्य करता है और गुजरात राज्य का प्रभारी बनाया जाता है, वह आने वाले समय का मुख्यमंत्री बनता है। उन्होंने कहा कि वे भी गुजरात के प्रभारी रहे थे। गहलोत ने कहा कि मंत्री पद कोई बडा पद नहीं है, संगठन सर्वोपरि होता है, आज का त्याग कल बड़ा फल देता है। इससे पहले गुजरात राज्य प्रभारी रघु शर्मा के नेतृत्व में गुजरात के गांधी आश्रम साबरमती से कांग्रेस सेवादल की डांडी यात्रा का रतनपुर बॉर्डर पर कांग्रेस कांग्रेस महासचिव अजय माकन, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुष्प वर्षा कर व सूत की माला से स्वागत किया। इस मौके पर सेवादल कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, जल संसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया, जनजाति मंत्री अर्जुन बामणिया, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा, गुजरात से प्रदेश अध्यक्ष जगदीश ठाकुर सहित कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

रतनपुर बॉर्डर पर आजादी की गौरव यात्रा व डांडी यात्रा का स्वागत किया, इस दौरान कई कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डॉक्टर के सूने मकान से 30 लाख रुपये की नकदी व जेवर चोरी

हिण्डौन सिटी, (कासं)। शहर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विजय सिंह मीणा के मोहन नगर स्थित सूने मकान में गत रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर करीब 30 लाख रुपए की नकदी तथा 12 लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची हिण्डौन नई मंडी थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

शहर के मोहन नगर स्थित जिला चिकित्सालय के अस्थि रोग विशेषज्ञ चिकित्सक विजय सिंह मीणा ने बताया कि उसकी पत्नी 2-3 दिन पहले बेटे के साथ अपने पीहर कोटा गई थी। इसी दौरान वह गुरुवार शाम को एक शादी समारोह में करौली गया था। अस्पताल के समीप स्थित विवेकानंद पार्क के पास उसका सूना मकान देखकर चोर कमरे व आलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखी करीब 30 लाख रुपए की नकदी तथा करीब 12 लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण पार कर ले गए।

मध्य रात्रि चिकित्सक मीणा घर शादी समारोह में शामिल होकर लौटे और अपने घर पहुंचा तो टेबल की दराज में रखे करीब ढाई हजार रुपए गायब मिले। जिससे उन्हें चोरी का शक हुआ। इसके बाद उन्होंने ऊपर कमरे में जाकर देखा तो वहां कमरे व अलमारी के ताले टूटे हुए थे तथा 30 लाख की नकदी व 12 लाख के आभूषण नही मिले। उन्होंने हिंडौन नई मंडी थाना पुलिस को सूचना दी।



हिण्डौन सिटी में चोरी की वारदात के बाद नई मंडी थाना पुलिस ने मौके पर जाकर जानकारी जुटाई।

झगड़ा सुलझाने पहुंचे एसएचओ का सिर फोड़ा, कांस्टेबल का हाथ तोड़ा

सिरसी-हाथौज लिंक रोड पर बिल्डर की प्रोजेक्ट साइट पर काश्तकारों ने किया था झगड़ा, बीचबचाव करने पर करधनी पुलिस टीम पर हुआ हमला

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। सिरसी-हाथौज लिंक रोड पर बिल्डर की साइट पर गुरूवार को झगड़ा शांत करवाने पहुंचे करधनी थानाधिकारी समेत 6 पुलिसकर्मियों पर काश्तकारों ने लाठी, सरिये और डंडों से हमला कर किया। हमलावरों ने थानाधिकारी का सिर फोड दिया और एक कांस्टेबल का हाथ तोड़ दिया। इस हमले में 6 पुलिसकर्मी घायल हो गये, बाद में पुलिस ने अतिरिक्त जाप्ता मंगवाकर हल्का बल प्रयोग किया, जब जाकर स्थिति काबू में आई।

- **लाठी, सरिये और डंडों से हमला कर 6 पुलिसकर्मी घायल किये, कालवाड़, झोटवाड़ा और मुरलीपुरा पुलिस थाने का अतिरिक्त जाप्ता बुलाकर हमलावरों को खदेड़कर स्थिति पर काबू पाया**

एसएचओ बनवारी लाल मीना ने बताया कि दोपहर करीब 11:30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि सिरसी हाथोज लिंक रोड पर 30-40 लोग झगड़ा कर रहे हैं।

झगड़े की सूचना पाकर करधनी पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। जमीन पर काम बंद पड़ा मिला। वहां मौजूद दर्जनों लोगों के हाथ में लाठी-डंडे, सरिए और पेड़ों की कटीली झाड़ थी। दोनों पक्षों से समझाइश की तो काश्तकार पक्ष के लोग भड़क गए। प्रोजेक्ट का काम करने आए कर्मचारियों और श्रमिकों से मारपीट करने पर उतारू हो गए।

काश्तकारों से कर्मचारियों को बचाने के लिए पुलिस ने उन्हें दूर करने का प्रयास किया तो आक्रोशित काश्तकारों ने पुलिस टीम पर ही हमला बोल दिया। हमले में एसएचओ बनवारी लाल, हैड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश, ओम सिंह, ड्राइवर राकेश कुमार व शीशराम के शरीर पर चोट आई।

मौके पर हालत बिगड़ते देखकर करधनी पुलिस ने तुरंत कालवाड़, झोटवाड़ा और मुरलीपुरा थाने में सूचना दी और वहां से अतिरिक्त पुलिस जाब्ता बुलाया और हल्का बल प्रयोग कर हमलावरों को खदेड़ा।

एसएचओ करधनी बनवारी लाल मीना की शिकायत पर काश्तकार श्रवण, गणेश, जगदीश, मांगीलाल, कानाराम, छोटूराम, सोनू, बाबूलाल, सुरेश व इनके परिवार की महिलाएं और साथियों के खिलाफ राजकार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज किया गया है।

बोरे में बंद मिला युवक का शव

जयपुर। सदर थाना इलाके में आज एक युवक की हत्या से सनसनी फैल गई। घटना हसनपुरा स्थित द्रव्यवती नदी के पास की है। जहां पर बोरे में लिपटा हुआ युवक का शव मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के शरीर और सिर पर कई जगहों पर गम्भीर चोट के निशान हैं। पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए एफएसएल को मौके पर बुलाया। हालांकि अभी तक युवक की पहचान नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि द्रव्यवती नदी के पास एक बोरे में शव की जानकारी तब मिली, जब शव के पास कुत्तों का मूवमेंट होने लगा। मौके पर जाकर देखा गया तो बोरे और कपड़े से लिपटा हुआ कुछ दिखाई दिया। जिस पर शक होने पर पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए हैं, लेकिन कोई लीड पुलिस को नहीं मिली है। वहीं सांगानेर इलाके में कंवर का बाग स्थित लाड़को की ढाणी में नाले में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक अनुज (12) शुक्रवार को नाले में गिर गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को बाहर निकाला, अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

आदर्श नगर में रात 8 बजे बाद भी धड़ल्ले से बिक रही है अवैध शराब : राहुल तंवर

'दुकानों का शटर डालकर नीचे से लोगों को बेची जाती है शराब'

जयपुर (कासं)। आदर्श नगर इलाके में बर्फ खाना (पानी की टंकी) के नजदीक रात 8 बजे बाद भी नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से अवैध शराब बेची जा रही है। दुकानों का शटर डालकर उसके नीचे से लोगों को शराब की बोतलें देर रात तक बेची जा रही है। शराब माफिया का आतंक इतना है कि बीच रोड पर गाड़ियां खड़ी करवाकर धड़ल्ले से बिक्री की जाती है, इसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। यह जानकारी जयपुर शहर कांग्रेस के पूर्व महासचिव राहुल तंवर ने दी है।

आदर्श नगर में बर्फ खाना के नजदीक शराब ठेका रात 8 बजे बंद होने के बाद भी देर रात तक शटर के नीचे से बिक्री की जा रही है।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात करीब 9 बजे बाद आदर्श नगर बर्फ कारखाने के पास शराब के ठेके का शटर नीचे करके वहां से लोगों को शराब की बोतलों की सप्लाई की जा रही थी। जब शराब लेने आये लोगों को बीच सड़क पर वाहन खड़ा करने के लिए स्थानीय लोगों ने टोका तो शराब विक्रेता कर्मचारी उनसे मारपीट करने पर उतारू हो गये। देर रात तक इलाके में शराब बेची जाने के कारण पूरे क्षेत्र में समाज कंटकों का जमावड़ा रहता है। शराब माफिया भी बेखौफ होकर आबकारी नियमों की धज्जियां उडाते हुए धड़ल्ले से देर रात तक ठेके चला रहे है। इसके बावजूद पुलिस-प्रशासन इनके खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे बैठा है। राहुल तंवर ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही अवैध शराब का कारोबार बंद नहीं कराया गया तो आगामी दिनों में बड़ा आंदोलन किया जायेगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार और पुलिस-प्रशासन की होगी।

सुरेश अग्रवाल चौथी बार फोर्टी के निर्विरोध अध्यक्ष

फोर्टी का चौथी बार निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर सुरेश अग्रवाल का स्वागत उनके समर्थकों ने किया।

जयपुर। सुरेश अग्रवाल लगातार चौथी बार फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। 15 अप्रैल को फोर्टी अध्यक्ष और कार्यकारिणी के चुनाव में नामांकन की आखिरी तारीख थी।

अध्यक्ष पद पर सुरेश अग्रवाल के अलावा किसी ने नामांकन नहीं भरा। जिसके कारण सुरेश अग्रवाल के निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ हो गया। इसी तरह कार्यकारिणी के 78 पदों पर 79 नामांकन आए। इनमें से 1 नामांकन रद्द होने से पूरी कार्यकारिणी का चुनाव भी निर्विरोध हो गया। मुख्य चुनाव अधिकारी ऋषिपाल अग्रवाल ने 15 अप्रैल नामांकन की आखिरी तारीख को शाम 5 बजे तक एक पद पर एक ही नामांकन होने के कारण अध्यक्ष और कार्यकारिणी के निर्विरोध चुने जाने की घोषणा कर दी।

इसके साथ ही सुरेश अग्रवाल को प्रदेशभर से बधाइयों का तांता लग गया। निवर्तमान मुख्य सचिव नरेश अग्रवाल और गिरधारी अग्रवाल के साथ फोर्टी के स्टॉफ ने फूल मालाओं से सुरेश अग्रवाल का स्वागत किया। अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रफीक खान, फोर्टी के निवर्तमान संरक्षक सुरजाराम मील और आई.सी.अग्रवाल ने भी सुरेश अग्रवाल को बधाई दी।

किसानों को डिग्गियों और फार्म पौण्ड का लम्बित अनुदान भुगतान जल्द मिलेगा

जयपुर। कृषि विभाग ने डिग्गियों और फार्म पौण्ड का लम्बित भुगतान जारी कर किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश जारी किए हैं। आईजीएनपी बीकानेर कार्यालय के अधीन 1126 काश्तकारों का तकनीकी बाधाओं के कारण अटका अनुदान भुगतान भी अब शीघ्र हो जाएगा।

कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने बताया कि जल के समुचित उपयोग एवं सिंचित क्षेत्र में वृद्धि के लिए नहरी क्षेत्र में डिग्गी निर्माण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। राज्य के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर और बीकानेर जिलों में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना अन्तर्गत यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में 5 हजार डिग्गियों का निर्माण कराने की बजट घोषणा की गई थी। इसके तहत बीकानेर को 1150, आईजीएनपी बीकानेर कार्यालय को 1985, हनुमानगढ़ को 1250 एवं श्रीगंगानगर को 1270 डिग्गी निर्माण के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों का आवंटन किया था। कटारिया ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में 4147 डिग्गियां बनाकर 75 करोड़ तथा 4560 फार्म पौण्ड बनाकर 26 करोड़ का अनुदान दिया।

कोचिंग संचालक ने बजाज नगर थाने में पुलिस को पीटा

जयपुर (कासं)। राजधानी के बजाज नगर थाने में एक कोचिंग संचालक और साथी महिला ने पुलिसकर्मियों से अभद्रता और मारपीट की। एक स्टूडेंट की शिकायत पर पूछताछ के लिए उसे थाने बुलाया गया था। पुलिस ने आरोपी कोचिंग संचालक और साथी महिला को शांतिभंग में गिरफ्तार किया। राजकार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज कर दोनों पर कार्रवाई की जाएगी।

एसएचओ शीशराम मीना ने बताया कि रेवाड़ी हरियाणा निवासी मंजू (18) पुत्री अभय सिंह ने मंगलवार शाम शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि 22 नवंबर 2021 को गोपालपुरा बाईपास स्थित ट्रेनिंग पोइंट डिफेंस एकेडमी में उसने कोचिंग के लिए एडमिशन लिया था। 2 दिन डेमो क्लास लेने के बाद कोचिंग करने से मना कर दिया। फीस के 42 हजार रुपए वापस मांगने पर संचालकों ने मना कर दिया। बाद में 18 प्रतिशत जीएसटी और 20 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस काटने की बात कही। फीस मांगने जाने पर परिजनों से भी अभद्रता की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने परिवाद दर्ज कर पूछताछ के लिए कोचिंग संचालक ओमप्रकाश सैनी को थाने में बुलाया। शाम करीब 6:30 बजे कोचिंग संचालक ओमप्रकाश सैनी थाने पहुंचा। उसके साथ मोनिका चौधरी नाम की महिला भी थी। ओमप्रकाश से पूछताछ करने पर अभद्रता करने लगा। समझाने की कोशिश करने पर कहने लगा पुलिस हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। मेरी पहुंच सीएमओ व पुलिस आलाधिकारियों से है। जोर-जोर से चिल्लाने पर पुलिसकर्मियों ने शांत कराना चाहता तो गाली-गलौज कर सस्पैंड कराने की धमकी देने लगा।

थाने में उत्पात मचाने पर आरोपी ओमप्रकाश और साथी महिला मोनिका चौधरी को पकड़ा। गुस्से में आग बबूला हुए दोनों ने थाना परिसर में धक्का-मुक्की के साथ लात-घूंसे चलाना शुरू कर दिए। दोनों का काबू करने के दौरान कांस्टेबल सत्यभान, महिला कांस्टेबल हेमा सहित एक पुलिसकर्मी से मारपीट की। पुलिसकर्मियों ने दोनों को पकड़ा तो थाना परिसर में लेट गए।

पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश सैनी (31) पुत्र जगदीश प्रसाद सैनी निवासी हिम्मत नगर गोपालपुरा और मोनिका चौधरी (26) पत्नी मुकेश निवासी नारायण विहार मानसरोवर को शांतिभंग में गिरफ्तार किया। कांस्टेबल सत्यभान की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ राजकार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज किया गया।

मजदूरी के बहाने बुलाकर नाबालिग से दुष्कर्म

जयपुर (कासं)। सांगानेर थाना इलाके में एक नाबालिग को मजदूरी के बहाने घर पर बुलाया, फिर अपने साथी के साथ उसका गैंगरेप किया। आरोपियों ने उसे किसी को ना बताने की हिदायत देकर उसे घर भेज दिया। डरी-सहमी बेटी ने घर वालों से बात करना बंद कर दिया। माता-पिता ने काफी पूछताछ की तो उसने पूरी बात बताई तो उनके पैरों की जमीन खिसक गई। मामले की जांच एसीपी सांगानेर कर रहे हैं। मामला सामने आने के बाद नाबालिग का मेडिकल करवाया गया हैं। एसीपी (सांगानेर) रामनिवास विश्नोई ने बताया कि चाकसू में रहने वाले पीड़िता के पिता ने थाने में मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि 28 मार्च को वह अपनी पत्नी के साथ मजदूरी करने गए हुए थे। पीछे से उनके घर पर उनकी नाबालिग बेटी थी। इसी दौरान सुरेश शर्मा और रामजीलाल उसके घर पर आए और उसे मजदूरी के लिए घर बुला ले गए। वहां पर दोनों ने उसके साथ बारी-बारी से रेप किया।

सार-समाचार

महात्मा गांधी की प्रतिमा पर लगाई गुहार

जयपुर। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन द्वारा प्रस्तावित रैली की अनुमति नहीं मिलने के बाद संविधान के नियम की पालना करते हुए कोविड स्वास्थ्य सहायकों की मांग के समर्थन में राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष खुशी राम मीणा के नेतृत्व में गांधी सर्किल पर राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कोविड स्वास्थ्य सहायकों की मांग के लिए प्रार्थना करते हुए राज्य सरकार से संवेदनशीलता दिखाकर अति शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के महासचिव रवि चावला ने लगातार छह दिन अनशन किया था और अभी भी शहीद स्मारक धरने पर मोर्चा संभाले हुए हैं। रवि चावला ने बताया कि हमने हमारा स्थाई तंबू लगा लिया है और हम शांति प्रिय तरीके से संवेदनशील मुख्यमंत्री के सामने लगातार मांग पूरी होने तक गांधीवादी आंदोलन जारी रखेंगे। कोविड स्वास्थ्य सहायकों की प्रमुख मांग संविदा केडर में शामिल करना, सम्मानजनक वेतन 26500 प्रतिमाह, स्थाई एक्सटेंशन है। एसोसिएशन के संयोजक कशीश कच्छावा एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अकबर खान ने बताया कि हमें पूरा विश्वास है कि सरकार हमारी मांग पर जरूर विचार करेगी क्योंकि हमने हमारी वेतन एवं क्षमता से अधिक अपनी सेवाएं दी थी और भविष्य में भी हम राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर प्रदेश महासचिव मोहन शर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश भांगड़ा, प्रदेश सचिव इमरान खान, जिलाध्यक्ष अलवर अभिषेक शर्मा एवं अन्य नर्सेज मौजूद रहे।

''वंदे मातरम्'' कार्यक्रम आयोजित

जयपुर। सैल्यूट तिरंगा राजस्थान की ओर से वंदे मातरम् कार्यक्रम शुक्रवार को राजकीय सेठ आनंदीलाल पोद्दार मूक बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। यहां मुख्य अतिथि कर्नल देव आनंद गुर्जर रहे। विरिक्षा त्रिवेदी राजस्थान प्रभारी, मदन मोहन पालीवाल प्रदेश अध्यक्ष, प्रवीण खुराणा, प्रदेश महासचिव महेश सैन तोमर युवा प्रदेशाध्यक्ष, कपिल सैनी युवा महासचिव, राहुल शर्मा विजेंद्र सिंह जिलाअध्यक्ष युवा एवं सैल्यूट तिरंगा टीम के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। सैल्यूट तिरंगा टीम की ओर से उच्च माध्यमिक विद्यालय में मूक बधिर बालक बालिकाओं को वंदे मातरम कार्यक्रम के तहत उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन पालीवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

'सरकारी अस्पतालों में रिश्वत से इलाज'

जयपुर। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री बड़े-बड़े दावे इस बात कर रहे थे कि मैंने 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए निशुल्क इलाज के लिए किए हैं लेकिन मुखिया इस बात को यह कहकर भी प्रचारित कर रहे थे कि हमारी चिकित्सा विभाग की योजना का पूरा देश अनुसरण कर रहा है, लेकिन मुखिया को हकीकत तब पता चली जब वह सवाई मानसिंह अस्पताल के अंदर मरीजों के परिजनों से मिलना शुरू किया और जिस तरीके के संगीन आरोप परिजनों द्वारा मुखिया के सामने लगाए गए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के चिकित्सकों को बिना रिश्वत दिए हमारे ऑपरेशन नहीं किए जाते, अधिकांश डॉक्टर बाहर की दवाइयां लिखने का काम करते हैं तथा अस्पताल की दशा इस प्रकार की है कि वहां दो मिनट खड़ा रहना भी मुश्किल है। ऐसी राजस्थान के चिकित्सा विभाग की हालत है और अब मुखिया जी के सामने है कि चिकित्सा विभाग किस तरीके से काम कर रहा है और प्रत्यक्ष रूप से सारी बातें सामने आने के बाद मुखिया जी क्या कार्रवाई करते हैं यह तो वक्त बताएगा।

वन कर्मचारी संघों ने संयुक्त शपथ ली

जयपुर। राजस्थान राज्य वन कर्मचारी संघों का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह मंत्री हेमाराम चौधरी की मौजूदगी में संपन्न हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़, प्रधान मुख्य वन संरक्षक डी.एन.पाण्डेय की मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजस्थान सहायक कर्मचारी संघ के देवी सिंह ने प्रदेशाध्यक्ष, राजस्थान अधीनस्थ वन कर्मचारी संघ भूपेन्द्र सिंह जादौन ने प्रदेशाध्यक्ष, अखिल राजस्थान राज्य वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारी संघ के अजयवीर सिंह ने प्रदेशाध्यक्ष तथा राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ, विभागीय समिति, वन विभाग के प्रकाश चंद यादव ने अध्यक्ष पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्षों ने वेतन कटौती बंद करके पुरानी पेंशन बहाल करने के निर्णय का स्वागत करते हुए राज्य सरकार का आभार जताया। कार्यक्रम में विभिन्न कर्मचारी संघों के प्रमुख पदाधिकारी कमल यादव, राजेश पारीक, मदन सिंह, समन्दर सिंह, डॉ. वीरेन्द्र सिंह और फतेह बहादुर मौजूद थे।

प्राचीन ब्राह्मीलिपि के चित्रों की प्रदर्शनी

जयपुर। जयपुर में रहकर कला साधना कर रहे बीकानेर के वरिष्ठ चित्रकार डॉ. रजनीश हर्ष ने हाल में मौर्यकालीन प्राचीन ब्राह्मी लिपि को अपने चित्रों में टैक्श्चर के रूप में उपयोग कर कलाप्रेमियों को आकृष्ट किया है। चित्रकला में ब्राह्मी लिपि का उपयोग करने वाले डॉ. रजनीश पहले कलाकार हैं। हर्ष ने बताया कि इस शैली से बनाए उनके चार चित्र पहली बार उत्तर प्रदेश की झांसी शहर की मणिकर्णिका आर्ट गैलरी में हुई ठाुप एग्जीबिशन में डिसप्ले किए गए हैं, जो कि 20 अप्रेल तक प्रदर्शित रहेंगे। इन चित्रों को ऑनलाइन भी देखा जा सकता है।

स्थापना दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि

थाने पर उससे पूछताछ की गई लेकिन वह पुलिस को उल्टे सीधे जवाब दे रही थी अपना नाम कभी मुन्नी कभी प्रेम बाई बता रही थी उसके पास पीला थैला था। पुलिस ने उसके थैले को चेक किया तो उसके अंदर 2 हज़ार व 500 के नोट लगभग 1 लाख 9 हज़ार 8 सो रुपए मिले इस पर सभी अचंभित हो गए। उससे इस रकम के बारे में पूछा गया तो उसने रकम फल फ्रूट बेचकर कमाई बताया वहीं कई बार उससे घर के बारे में पूछा गया तब बड़ी मुश्किल से उसने झालावाड़ रहना बताया। इस पर पुलिस महिला को झालावाड़ लेकर गई यहां कुम्हार मोहल्ले में उसकी बेटी ने उसको पहचाना पुलिस ने महिला को उसकी बेटी के सुपुर्द किया और उससे प्राप्त रकम को भी परिजनों को सौंप दिया।

आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज

उदयपुर, (कासं)। बच्चो की अश्लिल वीड़ियों वायरल करने वाले के खिलाफ बावल वाड़ा थाना पुलिस ने आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया। प्रकरण के अनुसार नई दिल्ली स्थित एनसीआरबी की शिकायत पर बच्चो के आपत्तिजनक वीड़ियों को वायरल करने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश पर बावलवाड़ा थानाधिकारी हेमन्त अहारी ने अश्लील वीड़ियों वायरल करने वाले फूटाला भाणदा निवासी संजय डांगी के रूप में पुष्टि होने पर मामला दर्ज किया।

सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत

उदयपुर, (कासं)। ऋषभदेव हाईवे पर पुना से आ रही निजी बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषभदेव थाना क्षैत्र विश्वास जैन ढाबा के सामने निजी बस से बाइक को चपेट मे ले लिया। हादसे में पादेड़ी निवासी मोहन (42) पुत्र गोतम मीणा की मौत हो गई। मोहन बाहर हिरा घिसाई का काम करता था। कोरोना के बाद गांव लौटने पर वह गांव के आस पास कारोबार लगाने के लिए मौका देखने बाइक पर जा रहा था।

इस दौरान दूसरी बाइक पर उसका छोटा भाई ईश्वरलाल भी था। 14 अप्रेल को हाइवे पर जाते समय महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज के लोगों को पूना से लेकर शहर आ रही बस ने उसे चपेट में ले लिया था। हादसे को देख चालक बस छोड़ भाग था। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई श्यामलाल ने मौके पर पहुंच कर घायल मोहन को रैफर करने पर उदयपुर के लिए रवाना किया। जहां बीच रास्ते उसकी मौत हो गई। इस पर परिजन शव लेकर पहुचे। जहां पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौप दिया। पुलिस ने बस जब्त कर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की।

पल्लू बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए शौचालय नहीं

यात्रा करने वाली महिलाएं और स्कूल-कॉलेज की स्टूडेंट्स परेशान, जनप्रतिनिधियों का नहीं कोई ध्यान

- आसपास की 11 पंचायतो के करीब 38 गांवों का एक मात्र बस स्टैण्ड है
- बस स्टैंड पर शौचालय बनने का मुद्दा कई बार उठा चुका है

हनुमानगढ़, (निसं.)। पल्लू बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए शौचालय नहीं होने से उनको परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा। लेकिन इस समस्या का आज तक समाधान नहीं हो पाया है।

जहां राज्य सरकार स्वच्छता के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वहीं पल्लू बस स्टैंड पर महिलाओ के लिए शौचालय तक नहीं है। पल्लू के आसपास की 11 पंचायतो के करीब 38 गांवों का एक मात्र बाजार ही नहीं बल्कि हनुमानगढ़ -किशनगढ़ मेगा हाई-वे पर होने की वजह से यहा से जयपुर, बीकानेर, अजमेर, उदयपुर, नोहर, हनुमानगढ़ , सूरतगढ़ के लिए सैंकड़ो यात्रियों को आना-जाना पड़ता है। इसके वाबजूद यहां महिलाओं के शौचालय नहीं है।

सरदारशहर, अर्जुनसर और रावतसर से चलने वाली बसें सबसे ज्यादा समय के लिए पल्लू ही रुकती हैं। बड़ी संख्या में यहां सवारियां चाय-पानी के लिए उतरती हैं। लेकिन यहां महिलाओं के लिए शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है। पल्लू में कई स्कूल और सात कॉलेज हैं। इनमें पढ़ ने वाली स्टूडेंट्स आसपास के गांवों से आती है।बसों के इंतजार में यहां लड़किया कई देर तक खड़ी रहती हैं। ऐसे में यहां महिला शोचालय नहीं होने से उनको भी परेशानी हो रही है। पल्लू बस स्टैंड पर महिला शौचालय नहीं होने के बाद भी जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है। इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधि पूरी तरह से लापरवाह नजर आते हैं। आज तक इस दिशा में जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई कदम नहीं उठाए गए।

पल्लू से दो-दो महिला प्रधान रेशमा रतिराम खालिया निवर्तमान, सरस्वती धर्मपाल सिहाग वर्तमान प्रधान और सुनीता देवकीनन्दन जोशी महिला सरपंच होने के बावजूद भी पल्लू बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए शौचालय की समस्या का समाधान नहीं कर पाई है। महिलाओं को शौचालय के लिए कम से कम दस मिनट तक भटकने के बाद भी स्टैंड पर शौचालय दिखाई नहीं देता है तो उनको मजबूर होकर लोक-लाज और शर्म को छोड़कर खुले में बैठना पड़ता है जो बहुत ही शर्मनाक है। यहां ब्रहमाणी माता के दर्शन करने के लिए अक्सर बड़े नेता, अधिकारी और मंत्रियों का आनाजाना होता है फिर भी या तो कोई ध्यान देता नहीं या फिर ध्यान देना नहीं चाहता।

स्थानीय निवासी विनोद गोस्वामी बताते हैं कि पल्लू में बस स्टैंड पर शौचालय बनने का मुद्दा कई बार उठा है। लेकिन जब भी इस पर चर्चा होती है तो मामला ग्राम पंचायत और मंदिर कमेटी के बीच उलझ जाता है। क्योंकि बस स्टैंड पर ग्राम पंचायत की जगह नहीं है और जो सड़क के दोनों तरफ खाली जगह है वो माता की खेड़ी की है। यदि मंदिर प्रन्यास उस जगह में से शौचालय के लिए जगह देता है तो महिलाओं की समस्या के समाधान के लिए शौचालय का निर्माण करवाया जा सकता है। पल्लू में मां ब्राह्मणी का मंदिर होने के कारण हर साल हजारों श्रद्धालु माता रानी के दर्शन करने आते हैं। जिनमें महिलाएं भी शामिल होती हैं। उनको बस स्टैंड से लेकर माता रानी के मंदिर तक कहीं भी शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है जिससे उनको या तो गांव में किसी के घर जाकर शौचालय का उपयोग करना पड़ता है या फिर मजबूर होकर खुले में बैठना पड़ता है।

ग्राम पंचायत द्वारा बनाया गया एक मात्र सुलभ काम्पलेक्सव बस स्टैंड और मंदिर से बहुत दूर होने के कारण वहां तक आने-जाने में कम से कम 20 मिनट का समय लगता है और वहां भी ब्राह्मणी माता मेले के अलावा हमेशा ताला लगा रहता है जिससे महिलाएं भी इस सुलभ काम्लेक्स सका उपयोग नहीं कर सकती। ड्राइवरों ने मिलकर चंदा करके एक मोटा तिरपाल और पोल लगाकर महिलाओं के लिए काम चलाऊ शौचालय बनाकर दिया है। बस स्टैंड के पास ही टैक्सी स्टैंड है जहां दर्जनों टैक्सी ड्राइवर अपनी गाड़ी लेकर खड़े रहते हैं।

गाड़ी ड्राइवर कालूराम ढ ुकिया ने बताया की जब बस से उतर कर कोई महिला शौचालय के लिए इधर-उधर जाती है और उसको कहीं भी शौचालय दिखाई नहीं देता है तो वो मज़बूरी में खुले में बैठती है जो बहुत ही शर्म की बात है। हमने इसके लिए पंचायत में भी कई बार कहा पर कोई समाधान नहीं हुआ ऐसे में हम सभी ड्राइवरों ने मिलकर चंदा करके एक मोटा तिरपाल और पोल लगाकर महिलाओं के लिए काम चलाऊ शौचालय बनाकर दिया और हम सभी काम चलाऊ शौचालय का ध्यान और रख-रखाव रखते है ताकि कोई शरारती तत्व या जानवर उसके पोल को तोड़ ना दे। पल्लू ग्राम पंचायत की सरपंच सुनीता देवकी नंदन जोशी ने बताया कि ग्राम पंचायत में बजट है। अभी स्टैंड के पास जो मंदिर की जगह है उस पर हाईकोर्ट से स्थगन आदेश आए हुए हैं यदि कोई दानदाता स्टैंड पर जगह देता है तो पंचायत शौचालय बनाने के लिए तैयार है।

नथमल डिडेल, जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ का कहना है कि जिले के कई पर्यटन स्थल हैं, जिनमें 2 करोड़ रुपए जन सुविधाओं पर खर्च किए जाएंगे। इसमें पल्लू भी शामिल है। उन्होंने कहा कि ऐसी जगह चिन्हित की जाएगी जिससे बस स्टैंड और मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं दोनों को फायदा मिल सकेगा। फिलहाल अस्थाई शौचालय का संचालन हो सके इसकी व्यवस्था की जाएगी।

संक्षिप्त

हनुमान जयन्ती पर होंगे कई आयोजन

निवाई। शनिवार को बावडी वाले बालाजी मंदिर में अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिर पुजारी पं शैलेंद्र मिश्र ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर बावडी वाले बालाजी मंदिर में दोपहर तीन बजे 108 आसनों पर सुन्दरकाण्ड के पाठ का आयोजन होगा। सुबह 6 बजे बालाजी का पंचामृत से अभिषेक कर चोला चढाया जाएगा। इसके बाद विशेष पोशाक के साथ बालाजी की प्रतिमा का फूलों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसी प्रकार हनुमान जंयती पर मोरिया वाले बालाजी मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, चिंताहरण हनुमान मंदिर, बूढला बालाजी, छोरिया बालाजी, भातडिया बालाजी, सीन्दरा बालाजी, लुहारा बालाजीधाम मंदिर में आचार्यो के सानिध्य में धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे।

हनुमान जी की ध्वज शोभायात्रा निकाली जायेगी

अलवर। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल अलवर के अनुरोध पर सर्वहिन्दू समाज अलवर द्वारा शनिवार को भगवान श्री हनुमान जी महाराज की जन्मोत्सव पर विशाल ध्वज शोभायात्रा निकाली जायेगी। विश्व हिन्दू परिषद अलवर नगर मंत्री सुबेसिंह गुर्जर ने बताया कि विशाल ध्वज शोभयात्रा का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है जो कि कृषि उपज मण्डी (अनाज मण्डी) स्थित शिव मन्दिर से प्रात: 9 बजे प्रारम्भ होकर मोती डूंगरी पर स्थित श्री हनुमान मन्दिर पर समाप्त होगी तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया जायेगा। इस विशाल शोभायात्रा में डीजे. झाकियों के साथ 2000 मोटर साईकलें व 200 चौपहिया वाहनों पर भगवा ध्वज लगाकर शोभायात्रा में सम्मलित होगें।

बाल हनुमानजी का मेला आज

नारायणपुर। कस्बा स्थित चौगान मंदिर वाले प्राचीन बाल हनुमानजी महाराज का मेला 16 अप्रैल को बडी धूमधाम से भरेगा । मेले के दौरान शनिवार सुबह 8 बजे से पुरुषोत्तमदास आश्रम से मुख्य बाजार होते हुए चौगान मंदिर तक ध्वजा व राम दरबार के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी । दोपहर 12 बजे से भण्डारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमे ग्रामीण पंगत प्रसादी ग्रहण करेंगे । कलाकार शास्त्री छोटूराम चनेजा, विक्रम सिंह चंदेला द्वारा दोपहर से नेहडा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा । शाम को आरती के साथ आतिशबाजी की जायेंगी । रात्रि को स्थानीय कलाकारों के द्वारा भजन-सत्संग का कार्यक्रम किया जायेगा।

रक्तदान शिविर आयोजित

पावटा। स्व. धूणीलाल स्वामी की प्रथम पुण्यतिथी पर उनके बेटे राकेश स्वामी पूर्व प्रदेश सचिव एनएसयूआई द्वारा कस्बे के एस जी एन हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन कर 131 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। राकेश स्वामी ने बताया कि महामारी समय ज्यादातर ब्लड बैंक में रक्त की कमी है और इसके चलते ब्लड बैंक खाली हो गए हैं । इसको लेकर युवाओ ने बडे उत्साह के साथ रक्तदान किया । इस मौके पूर्व जिला पार्षद जगदीश मीणा, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, एस जी एन हॉस्पिटल निदेशक डॉ. जयराम सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन व अन्य लोग उपस्थित रहे।

हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बैंड बाजों के साथ ध्वज यात्रा निकली

किशनगढ़ बास, (निसं)। हनुमान जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में पुराना बाजार स्थित हनुमान मंदिर से बैंड बाजों के साथ विशाल झांकी एवं ध्वजा यात्रा शहर में निकाली गई। इस यात्रा का शुभारंभ गणेश जी की पूजा अर्चना कर विधायक दीपचंद खैरिया, पूर्व विधायक रामहेत यादव, चेयरमैन तारामणि सिंघल, समाज सेवी युवा नेता निशांत यादव, प्रधान बद्री प्रसाद सुमन, भाजपा अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ पार्षद

- **जगह-जगह हुआ स्वागत, पुलिस बल रहा तैनात**

शिव हरि गुर्जर अनीता रामेश्वर गुप्ता पुष्पा राजेंद्र सिंघल ने झंडी दिखाकर किया रवाना।

पुराना बाजार स्थित हनुमान मंदिर से सायं 6 बजे प्रारंभ हुई भव्य शोभायात्रा मुख्य बाजार, गंज रोड नगर पालिका, जेल के सामने से अलवर रोड तोप सर्किल तिजारा रोड इंदिरा रसोई मेन बाजार होते हुए मंदिर वापस पहुंची। इस दौरान भव्य शोभायात्रा का जगह जगह हनुमान भक्तों ने स्वागत किया और प्रसादी वितरण की। सुरक्षा व्यवस्था को मध्य नजर रखते हुए शोभायात्रा में पुलिस प्रशासन के अधिकारी पुलिस बल के साथ पूरे रास्ते मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक दीपचंद खेरिया पूर्व विधायक रामहेत यादव ने हनुमान जयंती की क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा ऐसे धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में आपसी सौहार्द और आपस में भाईचारा बढता है। समाजसेवी निशांत यादव ने भंडारे में देसी घी का प्रसाद वितरण कराए जाने के लिए 4 टीन देसी घी आयोजकों को उपलब्ध कराया। मंदिर पुजारी महंत कालूराम शर्मा ने बताया कि 16 अप्रैल को हनुमान मंदिर पर सुबह 9 बजे हवन होगा इसके उपरांत 12 बजे से भंडारे का आयोजन रखा गया है।

किशनगढ़ बास में हनुमान जयंती के अवसर पर निकाली गई यात्रा में राम दरबार सजाया।

विधायक ने सड़कों का शिलान्यास किया

थानागाजी, (निसं)। नगरपालिका थानागाजी कस्बे के सम्पूर्ण क्षेत्र में सीसी सड़कों का शिलान्यास थानागाजी विधायक कान्ती प्रसाद मीणा ने किया। विधायक कान्ती प्रसाद मीणा के निजी सचिव उपेन्द्र रावल ने बताया कि नगरपालिका थानागाजी कस्बे में 4 करोड़ की लागत से सीसी सड़कों का निर्माण विधायक कान्ती प्रसाद मीणा की अभिशंषा पर करवाया जा रहा है। थानागाजी विधायक ने कहा कि माधोसिंह बाबा के बरामदा मय हॉल एवं शिव बगीची में बरामदा मय हॉल के निर्माण से भक्तजनों को धार्मिक आयोजन करने में स्थान की सुविधा मिलेगी । 4 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़कों की गुणवत्ता एवं मोनिटरिंग के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। विधायक कान्ती प्रसाद मीणा ने कहा की राज्य सरकार की बजट घोषणा 2021-22 की अनुपालना में नगरीय क्षेत्र में 4 करोड़ की लागत से इन सड़कों का निर्माण करवाया जा रहा है। थानागाजी कस्बे की हर गली गली में सीसी सड़कों के निर्माण से थानागाजी कस्बे का कायाकल्प होगा। शिलान्यास कार्यक्रम में नगरपालिका चैयरमैन चौथमल सैनी एवं प्रधान जयप्रकाश प्रजापत, सरपंच संघ अध्यक्ष रामेश्वर दयाल यादव एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष सावित्री राजेश शर्मा उपस्थित रहे ।

सार-समाचार

शीतल जल मंदिर की स्थापना की

लालसोट। उपखंड मुख्यालय पर भारत विकास परिषद शाखा लालसोट के तत्वावधान में आरएसईबी कार्यालय कोथुन रोड बस स्टैंड लालसोट पर आने जाने वाले राहगीरों व आमजन की सुविधा को देखते हुए परिषद के प्रथम स्थाई प्रकल्प के रुप में शीतल जल मंदिर की स्थापना की गई है। वाटर कूलर व समस्त उपकरणों के सहयोग कर्ता जगदीश प्रसाद विमल कुमार मंगल बिलोना वालो को जनसेवा की प्रबल मनो भावना के कारण यह कार्य परिणित हो सका। शुक्रवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शीतल जल मंदिर का उद्घाटन रक्षा मिश्रा चेयरमैन नगरपालिका लालसोट एवं एटीओ रामहेत मीणा के द्वारा किया गया। इस दौरान नगर पालिका के पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं खादी ग्रामोद्योग समिति के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने कहा कि सामाजिक सरोकार के कार्य के लिए सभी सामाजिक सस्था समाज के लोगों को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल सचिव अशोक चौधरी एडवोकेट , कोषाध्यक्ष लोकेंद्र जैन, प्रांतीय चिकित्सा प्रकल्प प्रभारी डॉक्टर भरत शर्मा, सीपी कुशवाहा, प्रमुख पर्यावरण एव पक्षी विद सुभाष पहाडिया, किशन खंडेलवाल, प्रमोद अग्रवाल, हंसराज गोयल, विकास माठा, धर्म चंद गुप्ता , अंजू अग्रवाल ,शिल्पी चौधरी, सीताअग्रवाल, प्रभावती कुशवाहा एवं परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

हनुमान जयंती पर निकाली कलशयात्रा

श्रीमाधोपुर। निकटवर्ती गांव ढाल्यावास बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव 16 अप्रेल को मनाया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शुक्रवार को बालाजी मंदिर से गांव की महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए कलश यात्रा निकाली। डीजे पर भजनों पर महिलाओं ने नृत्य किया। मंदिर महंत अमृतलाल शर्मा ने बताया कि शनिवार 16 अप्रेल को हनुमान जयंती पर भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। रात को बाहर के गायक कलाकारो भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर सरपंच कैलाश चंद, केके मंगलम, विजय शर्मा, सांवरमल शर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

भानु अग्रवाल अध्यक्ष बने

खैरथल। समाजसेवी एडवोकेट भानु अग्रवाल को सर्वसम्मति से लायंस क्लब खैरथल मंडी का अध्यक्ष चुना गया है। क्लब के अध्यक्ष लायन अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में लायंस व लियो क्लब की गुरुवार सांय ग्रीनलैंड में हुई साधारण सभा में आगामी वर्ष 2022-23 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें एडवोकेट भानु अग्रवाल को अध्यक्ष तथा सुरेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। इसके साथ लियो क्लब के आगामी वर्ष 2022-23 के लिए नरेंद्र गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया। सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

किशोर 5 दिन से लापता

बौंली। स्टेट बैंक शाखा बौंली के सामने रहने वाले रामदयाल रेगर का 12 वर्षीय पुत्र करीब 5 दिन से लापता है इसको लेकर पुलिस थाना बौंली में पीडित ने मामला दर्ज कराया है। थाना प्रभारी श्री किशन मीणा ने बताया कि रामदयाल रेगर निवासी बौंली ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि मेरा 12 वर्षीय पुत्र महेश कुमार रेगर 10 अप्रैल से लापता है मैंने इस मामले को लेकर सभी रिश्तेदार और मिलने वालों के यहां जानकारी की लेकिन उसके कहीं नहीं मिलने पर बौंली थाने में मामला दर्ज कराया गया है। दर्ज मामले में बताया गया है कि मेरे 12 वर्षीय पुत्र महेश का कद 4 फिट है रंग सांवला है एवं उसने बनियान व पायजामा पहन रखा है पुलिस ने धारा 363 में मामला दर्ज कर जांच हेड कांस्टेबल कमलेश कुमार के सुपुर्द की है।

चलते ट्रक पर गिरा विद्युत पोल

राजगढ़। कस्बे के बस स्टैंड से मां चंडी मार्ग पर शुक्रवार प्रात सड़क पर चलते ट्रक पर अचानक विद्युत पोल गिर जाने से सनसनी फैल गई। लेकिन विद्युत आपूर्ति बंद होने के कारण हादसा टलने पर लोगों ने राहत की सांस ली। विद्युत पोल के क्षतिग्रस्त होने के कारण कस्बे के सिटी सेकंड फेज की विद्युत आपूर्ति करीब 5 घंटे बंद रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक में सामान भरकर चालक अपने गंतव्य को जा रहा था तभी अचानक विद्युत पोल चलते ट्रक पर गिर गया। अचानक पोल गिरने से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

सैन जयंती महोत्सव की तैयारी बैठक

निवाई। सैन जयंती महोत्सव तैयारियां को लेकर समीक्षा बैठक बांके बिहारी मंदिर में आयोजि हुई। क्षौरकार संघ अध्यक्ष चेतन मोरवाल ने बताया कि 27 अप्रैल को सैन जयंती बडे हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया । उन्होंने बताया कि सुबह 9 बजे सैन जी महाराज का ध्वज पूजन किया जाएगा व जुलूस निकाला जाएगा ।

देह व्यापार के मामले में एक महिला व दलाल गिरफ्तार

बहरोड/ मुंडावर, (निसं)। मुंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम ऊलाहेडी के पास कंजर बस्ती में अनैतिक देह व्यापार के मामले में कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान भिवाड़ी एसपी के निर्देशन में नीमराणा एडिशनल एसपी व वृताधिकारी के नेतृत्व में कार्यवाही की गई जिसमें एक महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया गया।

जिला पुलिस भिवाडी थाना क्षेत्र के मुंडावर थाना क्षेत्र पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अनैतिक देह व्यापार का धंधा करते एक महिला और दलाल पुरुष को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए बोगस ग्राहक के माध्यम से अनैतिक देह व्यापार में लिप्त महिला व दलाल ईश्वर सिंह पुत्र टीपूराम गुर्जर निवासी नांगल रानियां थाना मुंडावर को मौके से गिरफ्तार किया तथा दोनों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

हाजीपुर के हनुमान मंदिर में मेला भरा, भक्तों की उमड़ी भीड़

अलवर, (निसं)। बानसूर के हाजीपुर में पहाड़ियों की तलहटी में बने श्री वीर हनुमान जी के मंदिर में पर मेले का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य कृष्ण गोपाल कौशिक ने पहुंच कर बालाजी महाराज का आशीर्वाद लिया और ग्रामीणों की ओर से उनका साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।

इस मौके ग्रामीणों ने विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति एवं एवं आपसी भाईचारे को बनाए रखने की कामना की गई। मेले में कुश्ती दंगल व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने मेले में पूर्ण धार्मिक आस्था एवं सद्भावना के साथ आस पास के दर्जनों गांवों के लोगों ने बढ चढ़कर हिस्सा लेते हुए मेले का आनंद लिया। इस दौरान बानसूर प्रधान प्रतिनिधि सुभाष यादव, बानसूर पुलिस उपनिरीक्षक मृत्युंजय मिश्रा, हाजीपुर सरपंच रोशनी देवी, पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह, गुलाब सिंह, सुरज्ञानी स्वामी, अभिषेक शर्मा, महेंद्र सैनी, अमित यादव, मोहन लाल यादव, राजेंद्र यादव, विकास कुमावत, नरेश सैनी सहित ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मेले के दौरान कुश्ती दंगल व भंडारे का आयोजन हुआ।

हनुमान जयन्ती पर निकलेगी शोभायात्रा

सांभरझील। यहां हर वर्ष की भांति सिंघानियों का मौहल्ला स्थित खेडा के बालाजी मण्डल के तत्वाधान में हनुमान जयन्ती पर शनिवार को विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी, मण्डल के सभी पदाधिकारियों की ओर से शुक्रवार को सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

अध्यक्ष राकेश स्वामी ने बताया कि शोभा यात्रा में इस बार ढोल व ताशों को शामिल किया गया है, महिलाओं की ओर से भक्ति गायन की अलग से व्यवस्था की गयी है। हनुमान की शोभा यात्रा में बाहर से विशेष प्रकार के घोडे साथ चलेंगे तथा महापुरूषों के अलावा देवी देवताओं की जीवंत झांकी लोगों के लिये आकर्षण का केन्द्र होगी। शोभा यात्रा के लिये मण्डल के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को शोभा यात्रा के प्रारम्भ से लेकर वापस गंतव्य स्थल पहुंचने तक अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

उनियारा पुलिस उप अधीक्षक शकील अहमद सम्मानित होंगे

चौरु उनियारा, (निसं)। एक ओर जहां पुलिस की कार्यशैली को लेकर लोगों में अलग अलग विचारधारा की सोच बनी हुई है। वहीं कुछ पुलिसकर्मी ऐसे भी हैं जिन्होंने अपनी राजकीय सेवा के दौरान अपने परिवार के साथ अपने पुलिस विभाग का भी मान सम्मान बढाया।

टोंक जिले के उनियारा कस्बे में नियुक्त पुलिस उपअधीक्षक शकील अहमद खान को पुलिस सेवा में उत्कृष्ट कार्य वह व बेदाग राजकीय सेवा पर 16 अप्रैल को राजस्थान पुलिस अकादमी में मुख्यमंत्री राजस्थान द्वारा सम्मानित कर पुलिस पदक प्रदान किया जावेगा। यह पदक 20 वर्ष से अधिक की बेदाग सेवा पर राष्ट्रपति द्वारा उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रदत पुलिस पदक प्रदान किया जाता है। शकील अहमद खान का जन्म दिनांक 30 जनवरी 1974 को हुआ था और उनकी प्रथम नियुक्ति 20 नवंबर 1997 को उपनिरीक्षक के पद पर हुई। उन्होंने इस दौरान जिला टोंक, जयपुर, मुख्यमंत्री निवास आदि स्थानों पर ड्यूटी को अंजाम दिया। वहीं 2008 में निरीक्षक पद पर पदोन्नित के पश्चात मुख्यमंत्री निवास पर सुरक्षा में भी तैनात रहे। साथ ही जिला दौसा में ड्यूटी को अंजाम दिया। वही 22 दिसंबर 2021 से उपाधीक्षक उनियारा जिला टोंक के पद पर लगातार अपनी ड्यूटी वह राजकीय सेवा पर हैं। शकील अहमद खान को कई पदक, स्मृति चिन्ह मिल चुके हैं ।

पुलिस उपअधीक्षक शकील अहमद खान।

विचार गोष्टी का आयोजन

पावटा। शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर प्रदेश सह संयोजक बाबूलाल रेनवाल के मुख्य आतिथ्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जीएल यादव ने राजनीतिक लोकतंत्र एक आदमी एक वोट की विचारधारा पर प्रकाश डाला और लोकतंत्र के आधार के रूप में बंधुत्व ओर समानता की भावना पर विचार रखे। कार्यक्रम में अम्बेडकर के विभिन्न पोस्टर लगाकर उनके कार्यों को दर्शाया गया एवं कोचिंग निदेशक ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर सभी को सुनाई ओर आव्हान किया कि सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों में इसको पढ़कर कार्यक्रम की शुरुआत करनी चाहिए। जीएल यादव ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी एवं संविधान निर्माण में भूमिका पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया । इस अवसर पर ललित यादव, जी.पी.सी खातोदीया, प्रदीप यादव, महिपाल सिंह, मनोज सिंह, गौरव कुमार सहित अनेक प्रबुद्ध उपस्थित रहे ।

'सामाजिक जनसंवाद एवं जन जागृति कार्यक्रम' आयोजित

किशनगढ़ बास, (निसं)। सैनी समाज 12 गांव सेवा समिति किशनगढ़बास के तत्वावधान में गुरुवार को 'सामाजिक जनसंवाद एवं जन जागृति कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।

समिति उपप्रधान एडवोकेट मुकेश सैनी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश में माली, सैनी समाज की 11 सूत्रीय मांगों के संदर्भ में 28 अप्रैल को कंपनी बाग परिसर अलवर में 'सैनी समाज उत्थान महापंचायत' का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष फल सब्जी मंडी यूनियन अभय सैनी(पप्पू भाई प्रधान) अलवर जिला सैनी महासभा अध्यक्ष पूरणमल सैनी, जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह सैनी जिला मंत्री सूबेदार हरभजन सिंह सैनी ने बंबोरा, गंज किशनगढ़, बास खैरथल, पहल, मुंडावर, पालपुर, गादुबास, हरसोली एवं अन्य सैनी समाज की ढाणियों में जन संपर्क करते हुए अधिक से अधिक संख्या में कंपनी बाग अलवर पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक समाज के साथ-साथ सैनी समाज को भी शैक्षिणक आर्थिक विकास के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले कल्याण बोर्ड एवं फाउंडेशन की आवश्यकता है जिससे कि समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं अन्य सरकारी सुविधाएं मिल सकें साथ ही अन्य पिछडा वर्ग में भी जनसंख्या के हिसाब से अलग से आरक्षण का प्रवधान होने पर हम भी हमारा विकास कर सकते हैं साथ ही महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न देने की भी मांगों को लेकर बात कही। इस अवसर सैनी समाज 12 गांव प्रधान रामोतार सैनी, बम्बोरा सैनी समाज अध्यक्ष भवानी सैनी गंज सैनी समाज अध्यक्ष मंतूराम सैनी, पूर्व सरपंच बाबूलाल सैनी, उपप्रधान एडवोकेट मुकेश सैनी, खैरथल सैनी समाज अध्यक्ष किशोरी लाल सैनी, महादेव सैनी आदि मौजूद थे।

अग्नि पीड़ितों की सहायता के लिए जमालपुर विकास समिति ने किया सहयोग

अलवर, (निसं)। 4 अप्रैल को लक्ष्मणगढ़ के जमालपुर गांव में बिजली लाइन में फाल्ट होने से लगी आग में तबाह हुए परिवारजनों की मदद हेतु दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएसएम) से जुड़े प्रोफेसर रतिराम जाटव एवं उनके साथियों की

- **नकद राशि, टीनशेड, पलंग, पंखे एवं बिस्तर आदि उपलब्ध करवाए**

पहल पर गांव के अधिकारी,कर्मचारियों एवं व्यावसाइयों ने मिलकर जमालपुर विकास समिति का गठन किया।

समिति के सदस्यों के प्रयास से राशि एकत्रित कर सभी पीड़ितों के हुए नुकसान का आकलन करके आवश्कता अनुसार नकद राशि, सोने हेतु पलंग, बिस्तर, पंखे, टीनशेड इत्यादि देकर उनको संबल प्रदान किया। डीएसएसएम ने अग्निपीड़ितों की इस फौरी मदद पर खुशी व्यक्त करता है। साथ ही राज्य सरकार से मंच पुन: मांग करता है कि पीड़ितों की समुचित मदद की जाए।

डीएसएसएम प्रदेश सह संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने बताया कि गत 4 अप्रैल को बिजली लाइन में फाल्ट होने से गांव में भयानक आग लग लग गई थी जिससे दलित एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लगभग 20 घर पूरी तरह से जलकर राख हो गए। उनके पास सोने के लिए बिस्तर,खाने के लिए अनाज,पशुओं के लिए चारा तक नहीं बचा था। अग्निपीड़ितों की मदद के लिए दलित शोषण मुक्ति मंच की तरफ से 6 अप्रैल को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन भेजा था। सामाजिक अधिकारिता एवं न्याय मंत्री टीकाराम जूली से भी मंच का प्रतिनिधिमंडल पीड़ितों के साथ 8 अप्रैल को मिला था।

मंत्री जूली ने बिजली विभाग के अधिकारियों को दिए उचित कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिला प्रमुख से भी प्रतिनिधिमंडल मिला। प्रोफेसर रतिराम जाटव ने बताया कि अग्निपीड़ितों की मदद हेतु 10 अप्रैल को विकास समिति का गठन किया गया जिसमे गांव के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं बड़े व्यावसायी शामिल किए गए। समिति ने बैठक में भावी रणनीति तय की तथा राज्य सरकार से सहयोग हेतु बिजली विभाग के लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों सख्त कार्रवाई नहीं होने पर फिर से प्रशासन से संपर्क करने की रणनीति बनाई।

लक्ष्मणगढ़ के जमालपुर गांव में आग से तबाह हुए परिवारजनों की मदद हेतु दलित शोषण मुक्ति मंच की पहल पर बनाई गई विकास समिति ने पीड़ितों की सहायता की।

श्रुतसागर निलय यात्री निवास का लोकार्पण

निवाई, (निसं)। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज मुनि क्षमानन्दी महाराज एवं आर्यिका श्रुतमति माताजी के सानिध्य में पार्श्वनाथ उद्यान पर श्रुतसागर निलय यात्री निवास का लोकार्पण एवं भामाशाह का सम्मान

- **यात्री निवास के निर्माण में सहयोगी भामाशाहों का सम्मान किया**

समारोह का आयोजन हुआ।

जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला व राकेश संघी ने बताया कि आचार्य इन्द्रनन्दी एवं गुरुमाता श्रुतमति माताजी के मंगल सानिध्य व आशीर्वाद से समाजसेवी धर्मचन्द, दिनेश कुमार, राकेश कुमार, अनिल कुमार जैन चंवरिया एवं समाज के लोगों ने विधिवत श्रुतसागर निलय यात्री निवास का लोकार्पण किया। आचार्य इन्द्र नन्दी का संदेश- लोकार्पण समारोह पर आचार्य श्री ने कहा कि इस युग में परमाणु नहीं अणुव्रतों की आवश्यकता है। सत्य अहिंसा व सेवा का भाव मन में रखें, हम ऐसे कार्य करें जिससे किसी को कोई दुख नहीं पहुंचे एवं नुकसान न हो । आचार्यश्री ने संयम संतोष रखने पर जोर दिया।

श्रुतसागर निलय यात्री निवास निर्माण के लोकार्पण में सहयोग करने पर जैन समाज ने भामाशाह समाजसेवी धर्मचन्द जैन दिनेश कुमार राकेश कुमार अनिल कुमार जैन चंवरिया का साफा माला पहनाकर सम्मान किया।

निवाई में जैन नसिया परिसर में नवनिर्मित यात्री निवास का भामाशाह परिवार ने लोकार्पण किया।

संक्षिप्त

डॉ.गुनसारिया सम्मानित

टोंक। डॉ अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी राजस्थान जयपुर के तत्वावधान में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर एसोसिएट प्रोफेसर केमिस्ट्री डॉ. आर के गुनसारिया डॉ. अम्बेडकर सम्मान मैडल से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, महिला बाल विकास एवं आयोजन विभाग मंत्री ममता भूपेश बैरवा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री टीकाराम जूली, सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री भजनलाल जाटव व डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. भजनलाल रोलन, कोषाध्यक्ष रामसहाय वर्मा, अनिल गोठवाल की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

राजपूत सभा चुनाव 17 अप्रैल को

चाकसू, (निसं)। आगामी 17 अप्रैल को श्री राजपूत सभा में चुनाव होने जा रहे हैं जिसमें अध्यक्ष प्रत्याशी के रूप में क्षेत्रीय निवासी रामसिंह चंदलाई एवं कार्यकारिणी के विभिन्न पदों के लिए उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राणावत, महामंत्री पद बलवीर सिंह हाथोज, संगठन मंत्री धीर सिंह शेखावत, सह मंत्री मोहन सिंह बगड, कोषाध्यक्ष प्रदुमन सिंह मूंडरू और 15 कार्यकारिणी सदस्य अजयपाल सिंह पचकोडिया, अजयवीर सिंह जीरोता, गजराज सिंह कैलाई, जोगेंद्र सिंह सावरदा, जितेंद्र सिंह शेखावत, नटवर पुथ्वी सिंह कालीपहाडी, मूल सिंह शेखावत, महेंद्र सिंह भवरथला, लोकेंद्र सिंह लोटवाडा, वीरेंद्र पाल सिंह, सरवन सिंह चौहान लवाण, सुरेंद्र सिंह नरूका, हेमेंद्र कुमारी दूदू ,हर्षवर्धन सिंह शेखावत चुनाव लड रहे हैं।

बनवारीलाल उपप्रधान मनोनीत

कोटपूतली। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा कोटपूतली निवासी बनवारीलाल जांगिड़ को महासभा का राष्ट्रीय उपप्रधान मनोनीत किया है। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा दिल्ली के प्रधान रामपाल जांगिड़ ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने कोटपूतली क्षेत्र निवासी बनवारीलाल जांगिड़ को राष्ट्रीय उपप्रधान, मामराज जांगिड़ को संगठन मंत्री व कोटपूतली निवासी विनोद कुमार जांगिड़ को भी संगठन मंत्री मनोनीत करते हुए उन्हे कार्यभार सौंपा।

अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर जब्त

निवाई। बरोनी थाना पुलिस ने शुक्रवार को अवैध बजरी से भरे दो ट्रेक्टर-ट्रोली जब्त किए हैं। बरोनी थानाधिकारी जगदीश मीणा ने बताया कि शुक्रवार को गश्त के दौरान मंडावर से नटवाडा रोड पर दो ट्रैक्टर नदी से अवैध बजरी भरकर आते हुए नजर आए। पुलिस को देखकर चालक ट्रेक्टरों को छोडकर फरार हो गए। ट्रैक्टरों में अवैध बजरी भरी होने पर पुलिस ने जब्त कर लिया और थाने लाकर खडा करवा दिया।

विषाक्त पदार्थ खाने से युवक बेहोश

कोटपूतली। ग्राम कारौली निवासी एक युवक के विषाक्त पदार्थ खा लेने से बेहोश हो जाने पर चिकित्सकों ने उसे जयपुर रैफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि युवक के परिवारजनों के बताये अनुसार ग्राम कारौली निवासी अर्जुन पुत्र ओमप्रकाश सिंह राजपूत ने गांव में ही विषाक्त पदार्थ खा लिया। जिसे बेहोशी की हालत में बीडीएम अस्पताल लेकर आये। जहां से उसे जयपुर रैफर कर दिया।

नारायणपुर में पानी की किल्लत से आमजन परेशान

नारायणपुर, (निसं)। गर्मी की शुरुआत होते ही कस्बे में इन दिनों जलदाय विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की लापरवाही के चलते वार्ड 13 के खोड मोहल्ला में काफी समय से आमजनों को पीने के पानी की बूंद-बूंद को तरसना पड़ रहा है।

महिला बसंती, मनभरी, धोली, मेवा ने बताया कि जलदाय विभाग की पाइप लाइन में करीब 70 नल कनेक्शन हैं, जलदाय विभाग के स्थानीय स्टाफ की लापरवाही के चलते करीब 10 कनेक्शनों में ही पानी आता है। इससे मोहल्ले की महिलाओं

- आक्रोशित महिलाओं ने प्रदर्शन की चेतावनी दी

को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है । महिलाओं ने बताया कि फिलहाल मोहल्ले में एक सिंगल फेस बोरिंग है, इसमे भी आधा घंटा बंद करने के बाद 2 बाल्टी पानी आता है।

इससे दिनभर महिलाएं तेज चिलचिलाती धूप में खडी होकर अपनी बारी का इंतजार करती रहती है। हद तो

नारायणपुर में सिंगल फेस बोरिंग पर पानी भरने के लिए महिलाओं की लम्बी लाइन में लगी।

यह है कि लोग बार-बार ग्राम पंचायत सरपंच, जलदाय विभाग अधिकारीयों से समस्या समाधान की गुहार कर रहे हैं इसके बावजूद उनकी सुद नहीं ली जा रही है। इससे मोहल्ले की महिलाओं में सरपंच, जलदाय विभाग के प्रति रोष बना हुआ है। आक्रोशित महिलाओं ने जलदाय विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विभाग द्वारा एक सप्ताह में पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया गया तो महिलाओं द्वारा जलदाय कार्यालय का घेराव कर मटका फोड़ प्रदर्शन किया जायेंगा।

इधर एईएन युवराज सैनी ने बताया कि पेयजल समस्या का जल्द समाधान कर दिया जायेगा। इस मौके पर समाजसेवी राकेश दायमा, सुंदर मीणा, छाजी देवी, अनीता, कश्मीरा, कृष्णा, पूजा, कमलेश, रामा, उगंता, लीली, मेनका, रेखा, निर्मला, दीया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी ।

दिव्यांग विद्यार्थियों व अभिभावकों का काउंसिलिंग शिविर सम्पन्न

कोटपूतली। कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित श्री अमर कृष्ण शिक्षण संस्थान में दिव्यांग विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का काउसलिंग शिविर सम्पन हुआ।

संस्थान के अध्यक्ष अंशुमान शर्मा ने बताया कि शिविर में 67 दिव्यांग विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने भाग लिया। दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ 25 वर्ष से विशेष शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही वरिष्ठ काउंसलर मालती शर्मा ने दिव्यांग बालक-बालिकाओं की शिक्षा पद्धति, व्यवहारिक समस्याओं, रहन-सहन, खान-पान व उनकी विशेष आवश्यकताओं पर जानकारी दी तथा उन्होंने प्रत्येक दिव्यांग की कैटेगरी के अनुसार शिक्षण की विधियों के बारे में बताया। संस्थान के अध्यक्ष अनशुमान शर्मा ने दिव्यांग विद्यार्थियों को केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। संस्थान के उपाध्यक्ष अमन भार्गव ने कहा कि दिव्यांग बालकों की सेवा व सहायता करना प्रभु की सेवा के समान है। अध्यक्ष शर्मा, उपाध्यक्ष भार्गव द्वारा दिव्यांग विधार्थियो की शिक्षा हेतू 50 हजार रूपये राशी के उपकरण उपलब्ध करवाने की घोषणा की। निजी विधालय संगठन के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद मिश्रा ने सभी अभिभावको व संस्था के पदाधिकारियो का आभार व्यक्त किया।

सार-समाचार

शोभायात्रा में गूंजे हनुमान के जयकारे

पावटा, (निसं)। उपखंड पावटा किला धाम स्थित श्री हनुमान मंदिर बजरंग मेला कमेटी किला धाम के तत्वावधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का कस्बे के मुख्य मार्गों में पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि शोभायात्रा किला धाम हनुमान मंदिर के प्रांगण से चलकर घंटाघर चौक से होते हुए मुख्य मार्गों से होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा के साथ चल रहे श्रद्धालुओं ने बालाजी के भजन का गुणगान किया गया, जिससे हनुमान जी के जयघोष से शहर गूंजायमान हो गया। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में भगवान हनुमान जी की झांकी, भगवान श्रीराम राम की झांकी, माता जी की झांकी, लव-कुश की झांकी व अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रही, जबकि आसमान में आतिशबाजी का नजारा देखने योग्य रहा। उन्होंने बताया कि आज रात को मंदिर में रात्रि में जागरण के लिए सिसोदिया म्युजिकल ग्रुप किशनगढ़ बास द्वारा विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। वही 16 अप्रैल को सुबह हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसके उपरांत हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा और सामूहिक आरती की जाएगी। शाम को विशाल मेले व कुश्ती दंगल का आयोजन किया जायेगा।

युवाओं की अनूठी पहल, शुरू की प्याऊ

चाकसू, (निसं)। कस्बे के सेवाभावी नव युवकों ने एक अनूठी पहल करते हुए अपने निजी खर्चे पर कस्बे के प्रमुख स्थानों पर आमजन को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए ठंडे पानी की प्याऊ लगाई है जो गर्मी के मौसम में लोगों को राहत दे रही है। सेवाभावी नवयुवकों ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा और किसी के दिल से निकला आशीर्वाद आपके खुशियां दे सकता है को धेय मानकर स्थानीय युवकों ने मिलकर कस्बे में सेवार्थ फाउंडेशन की शुरुआत की है जिसमें किसी भी प्रकार का पद वगैरह का गठन नहीं किया गया है केवल लोगों की सेवा के लिए फाउंडेशन शुरू किया गया है जो गर्मी के मौसम 3 महीनों तक पिछले 4 वर्षों से कस्बे के विभिन्न स्थानों पर ठंडे पानी की प्याऊ लगाकर लोगों को राहत दे रही है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि वर्ष भी कस्बे के कोटखावदा मोड़ स्थित अंबेडकर सर्किल फागी मोड एवं शीतला माता बस स्टैंड पर गुलाब जल के साथ ठंडे पानी की प्याऊ लगाकर आमजन एवं राहगीरों की प्यास बुझा कर गर्मी से राहत दे रहा है। जहां प्रात: 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक लोगों को पानी पिलाया जाएगा।

ड्रग्स एक्ट की जानकारी दी

कोटपूतली। कोटपूतली व पावटा दवा संगठन की एक बैठक हाईवे स्थित एक निजी होटल में आयोजित हुई। जिसमें अधिकारियों द्वारा ड्रग्स एक्ट की विस्तार से जानकारी दी। संगठन के पदाधिकारी घनश्याम आथोनिया व सुनील शर्मा ने बताया कि ड्रग डिपार्टमेंट के अधिकारी महेंद्र सिंह शेखावत, एडीसी अरुणा मीणा, मुकेश चौधरी, रामप्रसाद कुमावत, कमल किशोर गुप्ता व अशोक गोयल के नेतृत्व में स्वागत किया गया। साथ ही सभी दवा व्यापारियों ने शपथ ली की वे बिना बिल की दवाइयां ना क्रय-विक्रय करेंगे तथा ना ही नशे से संबंधित दवाइयों का व्यापार करेंगे। कार्यक्रम में कोटपूतली, पावटा के केमिस्ट बडी संख्या में पहुंचे। इस मौके पर दिनेश, गोपाल, सुभाष, संजय, घनश्याम कसाना, अशोक शर्मा, भारत बंसल, महेंद्र गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, महासिंह, ज्योति स्वरूप, अनिल मंगल, अशोक चौधरी, मुकेश बंसल, मनोज कुमार, बजरंगलाल आदि केमिस्ट उपस्थित थे।

स्वैच्छिक रक्तदान किया

कोटपूतली। भाजपा नेता मुकेश गोयल की पहल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर 2015 से शुरू हुआ रक्तमणि कार्यक्रम 2406 दिनों से लगातार जारी है। रक्तमणि अभियान में शुक्रवार को स्थानीय कृष्णा अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में विकास सोनी पुत्र महेश चन्द सोनी निवासी मौहल्ला सराय ने सोनी अस्पताल जयपुर में भर्ती मरीज बाबूलाल योगी को एबी नेगेटिव रक्त की आवश्यकता पडने पर स्वैच्छिक रक्तदान किया एवं हनुमान प्रसाद कसाना पुत्र हरदान कसाना निवासी ग्राम सुन्दरपुरा, देवेन्द्र यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी आदर्श नगर कोटपूतली तथा पिन्टू सैनी पुत्र लालाराम सैनी निवासी कोटपूतली ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तमणि संयोजक मुकेश गोयल, आशुतोष बंसल (शेरू), विकास जांगल, हरिद्वारी जांगिड़ उपस्थित रहे।

भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक मनाया

फुलेरा। फुलेरा कस्बे में श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक बडे ही धूमधाम से मनाया गया। समाजसेवी कमोद छाबडा ने बताया कि इस अवसर पर प्रात: 5 बजे प्रभातफेरी के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पूरे नगर का भ्रमण करते हुए श्री आदिनाथ जिनालय पहुंची। इस दौरान जगह-जगह भगवान की आरती की गई तथा श्रीफल भेंट किये गए। वहीं मन्दिर में भगवान के कलशाभिषेक किया गया तथा माला की बोली सुबोध कुमार, कमोद कुमार व नरेश कुमार छाबडा ने ली। साथ ही दोपहर जोबनेर रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ नसियां जी पर श्री दिगम्बर जैन नवयुवक मंडल के तत्वावधान में छोटे बालक-बालिकाओं की खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तत्पश्चात जिनेन्द्र भगवान के अभिषेक हुए। सायंकाल श्री आदिनाथ जिनालय में महाआरती का आयोजन किया गया।

नाकाबंदी लगा पुलिस ने 50 वाहनों के चालान काटे

मालपुरा, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशों पर एएसपी राकेश कुमार बैरवा एवं डीवाईएसपी सुशील मान के आदेशों पर थानाधिकारी कैलाश विश्नोई के निर्देशन में एसआई रतन सिंह तंवर ने पुलिस टीम के साथ अजमेर रोड के चौराहे पर नाकाबंदी लगा यातायात नियमों का

- अवैध शराब परिवहन करते दो जनों को गिरफ्तार किया

उल्लघंन कर रहे 50 वाहनों के चालान काट जूर्माना राशि वसूली तो वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन किये जाने की समझाईश भी की गई।

टोडारायसिंह थाना पुलिस ने नांकाबंदी कर अवैध शराब का परिवहन करते दो लोगों को गिरफ्तार कर दो पेटी देशी शराब की जब्त की। थानाधिकारी बृजेश कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधिक्षक के आदेशानुसार अवैध शराब परिवहन रोकथाम को लेकर एसआई हेमराज द्वारा पुलिस टीम के साथ की गई नांकाबंदी व मुखबीर की सुचना पर दो अलग-अलग जगह पर कार्यवाही करते हुए अवैध शराब परिवहन करते रामप्रसाद खटीक निवासी पनवाडा थाना देवली व कन्हैयालाल खटीक निवासी वार्ड न. 13 टोडारायसिंह को गिरफतार कर दो पेटी अवैध देशी शराब की जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

मालपुरा थाना पुलिस ने नाकाबंदी लगा लापरवाह वाहन चालको के चालान काटे।

संगोष्ठी का आयोजन

चाकसू, (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सामाजिक सद्भाव संगोष्ठी का आयोजन किया।

संगोष्ठी में सर्व समाज के 30 अध्यक्ष, समाजसेवी प्रबुद्ध नागरिक ने भाग लिया एवं स्वयं के समाज के साथ सर्वसमाज उत्थान और विकास के लिये एक दूसरे का क्या सहयोग हो सकता है इसके लिए विचार विमर्श एवं सुझाव दिए और अब तक जो समाज में सुधार के कार्य हुए हैं उनके ऊपर प्रकाश डाला एवं समय समय पर इस तरह की संगोष्ठी का आयोजन करते रहने पर सहमति व्यक्त की। संगोष्ठी में संघ के सांगानेर विभाग सम्पर्क प्रमुख राजीव चौहान ने बताया कि हिन्दू समाज के विभिन्न समुदायों में परस्पर संवाद, समन्वय एवं सहयोग की वर्तमान परिस्थितियों में बहुत आवश्यकता है इसके लिए हम सभी को अपना अपना दायित्व निभाना होगा। मुख्य अतिथि के रूप में जूना अखाड़ा गणेशपुरी धाम चाकसू के महंत राजेन्द्रपूरी महाराज ने कहा कि हिन्दू समाज के संगठन एवं एकता की आवश्यकता है।

नई शिक्षा नीति को लेकर कार्यशाला जारी

फुलेरा। कस्बे की बालाजी रोड स्थित माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर पर विद्या भारती संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन विषय पर आधारित प्रांत स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षक की 5 दिवसीय कार्यशाला में गुरुवार को विद्या भारती राजस्थान के संगठन मंत्री शिव प्रसाद ने प्रेसवार्ता में बताया कि शिक्षा पूर्ण मानव क्षमता को प्राप्त करने और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, वैश्विक मंच पर सामाजिक न्याय और समानता, वैज्ञानिक उन्नित, राष्ट्रीय एकीकरण और सांस्कृतिक संरक्षण के संदर्भ में भारत की सतत प्रगति और आर्थिक विकास की पूंजी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इक्कीसवीं शताब्दी की पहली शिक्षा नीति है। जिसका लक्ष्य हमारे देश के विकास के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना है यह नीति भारत की परंपरा और सांस्कृतिक

- 'शिक्षा पूर्ण मानव क्षमता को प्राप्त करने और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक'

मूल्यों के आधार को यथावत रखते हुए 21 वीं सदी की शिक्षा के लिए आकांक्षात्मक लक्ष्यों का निर्धारण करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में विद्या भारती प्रभावी ढंग से प्रयास कर रही है। मातृभाषा में शिक्षा को विद्या भारती में सर्वोपरि माना गया है। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की शिक्षण विधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस मौके पर आदर्श विद्या मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रधानाचार्य विनोद कुमार कुमावत, रामपाल प्रजापति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

लैब टेक्नीशियन दिवस मनाया

टोंक। सआदत अस्पताल टोंक में जकरियां जैनसन की याद में विश्व लेब टेक्नीशियन दिवस मनाया गया। इस अवसर जिला स्तरीय समारोह में समस्त लैब लेक्नीशियन ने अपना कार्य पूरी समर्पण भावना से करने एवं मरीज को समय पर सटीक जांच देने का संकल्प लिया। क्योकि जांच ही मरीज का इलाज का निर्धारण करती है। इस अवसर पर मरीजों को केले वितरित किए।

समारोह में उपनियंत्रक डॉ. चेतन जैन, नर्सिंग अधीक्षक रामस्वरुप सैनी ने कोरोना महामारी में लेब टेक्नीशियन द्वारा किए गए कोविड सैम्पलिंग व टेस्टिंग कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भंवरलाल जाट, पूर्व जिलाध्यक्ष पूरणमल कादी, जिला मंत्री ओमप्रकाश बैरवा, मीडिया प्रभारी अजय मेहरा, विपिन जैन, मदनलाल बैरवा, रामकिशोर बैरवा, हंसराज यादव, बसंत कोठारी, सीताराम बैरवा, सुमेरसिंह, मनीष शर्मा आदि लेब टेक्नीशियन ने संबोधित कर बधाई दी।

राठौड़ के जन्मदिन पर कई कार्यक्रम होंगे

पावटा, (निसं)। राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं विधायक राजेंद्र सिंह राठौड के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शनिवार को पावटा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल के नेतृत्व में होटल होली डे फन में भव्य स्वागत कार्यक्रम व विशाल बाईक रैली का आयोजन किया जायेगा।

- स्वागत कार्यक्रम, विशाल बाइक रैली व रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा

गोपाल अग्रवाल ने बताया कि राठौड के जन्मदिवस पर होटल होली डे फन में भव्य स्वागत कार्यक्रम के साथ केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया जायेगा। वहीं स्वागत कार्यक्रम के बाद होटल होली डे फन से विशाल बाइक रैली के साथ राठौड पावटा भूमिका प्लाजा स्थित एस जी एन हॉस्पिटल में पहुंचेगे जहां सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड ने बताया कि राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं विधायक राजेंद्र सिंह राठौड का भव्य स्वागत के साथ पावटा भूमिका प्लाज़ा स्थित एस जी एन हॉस्पिटल में विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजेंद्र सिंह राठौड शेखावाटी ही नहीं राजस्थान के सर्वमान्य और युवाओं के मार्गदर्शक नेता के रूप में विख्यात हैं उनके जन्मदिवस पर रक्तदान का शिविर आयोजित कर रक्तदान के प्रति युवाओं को एक सार्थक सन्देश देना है कि रक्तदान जीवनदान है।

साम्प्रदायिकता भड़काने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

टोंक, (निसं)। मुस्लिम समाज के लोगों ने साम्प्रदायिकता भड़काने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर प्रतिनिधि तहसील टोंक रजिस्ट्रार प्रहलादसिंह को ज्ञापन दिया।

अकरम खान, राशिद खान, मो. आरिफ, लियाकत, इमरान, इमरान, फैजान, समीर, नवेद खान, अरबाज आदि ने राष्ट्रपति के नाम दिए ज्ञापन में गुजरात, झारखंड, मध्यप्रदेश, बिहार, पश्चिमबंगाल में रामनवमी के जुलूस के दौरान हुई हिंसा को लेकर ध्यान दिलाते हुए बताया कि ऐसा लगा रहा था कि कुछ वर्गों द्वारा धार्मिक आयोजनों को हिंसक बनाने के लिए ठोस सामूहिक प्रयास किए गए थे। जबकि देश में सैंकड़ों विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजन और त्यौहार नियमित रुप से शांतिपूर्वक सम्पन्न होते हैं। परंपरागत रुप से ऐसे आयोजनों को समुदायों के बीच

टोंक में मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर प्रतिनिधि प्रहलादसिंह को ज्ञापन दिया।

सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने के अवसरों के रुप में देखा जाता था। देश के कई हिस्सो में साम्प्रदायिक कट्टरपंथी त्यौहारोक का दुरुपयोग कर अन्य समुदायों के खिलाफ नफरत और हिंसा फैलाने का काम कर रहे है। रामनवमी उत्सव जुलूसो के दौरान में देश में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ

- मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

व्यापक उकसावे, हिंसा और विनाश देखा गया।

राजस्थान, मध्यप्रदेश की घटनाओं में मस्जिदों, घरों और मुसलमानों की सम्पतियों पर हमला किया गया और उन्हें तबाह कर दिया। इन घटनाओं में से अधिकतर को जरुरी सावधानियों और पुलिस व अधिकारियों के समय पर हस्तक्षेप से टाला जा सकता था, पर ऐसा नहीं हुआ। घटनाओं के बाद पुलिस की कार्यवाही अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव पूर्ण है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे भडकाने वालों और सदभाव को बिगाडने वालों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

एक किलो अफीम बरामद, दो गिरफ्तार, कार जब्त

निवाई। डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम व बरोनी थाना पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर नेशनल हाईवे पर पहाडी कट के समीप से एक किलो अफीम के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर कार भी जप्त की है।

बरोनी थानाधिकारी जगदीश मीणा ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम के प्रभारी उदयवीर सिंह के साथ पुलिस ने गश्त के दौरान पहाडी कट पर जयपुर की ओर से आ रही सफेद रंग की कार को रूकवाया। कार में सवार लोगों से पुलिस ने पूछताछ की लेकिन दोनों ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। इस पर पुलिस ने कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक किलो अफीम बरामद हुई। उन्होंने बताया कि अफीम का बाजार मूल्य करीब पांच लाख है। थानाधिकारी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में शंकरलाल जाट निवासी तामडिया चाकसू व बाबूलाल जाट निवासी सूरतरामपुरा दत्तवास निवाई को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें अफीम का पैकेट जयपुर में किसी ने दिया था।

स्कूल में चिल्ड्रन पार्क बनवाने पर भामाशाह का अभिनन्दन

